[NPH] NIDHI PUBLISHING HOUSE
NIDHI PUBLISHING HOUSE
Email-nidhipublishinghouse@gmail.com
Follow us on
दिल्ली | पृष्ठ-16 | मूल्य ₹ 20.00

# हरियाणा करेंट अफेयर्स
# वार्षिकी

**Vol-1**

हरियाणा की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु बहुपयोगी

Er. Ashok Kumar

## जनवरी 2024 से जनवरी 2025

## HCS, HSSC CET, HTET, Haryana Police etc.

### हरियाणा मंत्रिमंडल-2025


नायब सिंह सैनी

- **नाम**–नायब सिंह सैनी **(मुख्यमंत्री)**
  **पार्टी**–भारतीय जनता पार्टी
  **चुनाव क्षेत्र**–लाडवा
  **विभाग**–गृह विभाग, एक्साइज एंड टैक्सेशन, प्लानिंग, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग एंड अर्बन स्टेट, इन्फॉर्मेशन पब्लिक रिलेशन, फाइनेंस।


श्री अनिल विज

- **नाम**–अनिल विज **(कैबिनेट मंत्री)**
  **पार्टी**–भारतीय जनता पार्टी
  **चुनाव क्षेत्र**–अंबाला कैंट
  **विभाग**–ऊर्जा, ट्रांसपोर्ट, लेबर।


लाल कृष्ण पंवार

- **नाम**–कृष्ण लाल पंवार **(कैबिनेट मंत्री)**
  **पार्टी**–भारतीय जनता पार्टी
  **चुनाव क्षेत्र**–इसराना
  **विभाग**–पंचायत, खान एवं भू-विज्ञान।


राव नरबीर सिंह

- **नाम**–राव नरबीर **(कैबिनेट मंत्री)**
  **पार्टी**–भारतीय जनता पार्टी
  **चुनाव क्षेत्र**–बादशाहपुर
  **विभाग**–इंडस्ट्री एंड कॉमर्स, फॉरेस्ट एंड वाइल्ड लाइफ।


महिपाल ढांडा

- **नाम**–महिपाल ढांडा **(कैबिनेट मंत्री)**
  **पार्टी**–भारतीय जनता पार्टी
  **चुनाव क्षेत्र**–पानीपत (ग्रामीण)
  **विभाग**–स्कूल एजुकेशन, हायर एजुकेशन।


विपुल गोयल

- **नाम**–विपुल गोयल **(कैबिनेट मंत्री)**
  **पार्टी**–भारतीय जनता पार्टी
  **चुनाव क्षेत्र**–फरीदाबाद
  **विभाग**–अर्बन लोकल बॉडी, आय और डिजास्टर, सिविल एविएशन।


डॉ. अरविंद शर्मा

- **नाम**–अरविंद शर्मा **(कैबिनेट मंत्री)**
  **पार्टी**–भारतीय जनता पार्टी
  **चुनाव क्षेत्र**–गोहाना
  **विभाग**–को-ऑपरेटिव, जेल, ऊर्जा, हेरिटेज और टूरिज्म।


श्याम सिंह राणा

- **नाम**–श्याम सिंह राणा **(कैबिनेट मंत्री)**
  **पार्टी**–भारतीय जनता पार्टी
  **चुनाव क्षेत्र**–रादौर
  **विभाग**–एग्रीकल्चर और किसान कल्याण, एनिमल कृषि।


रणबीर सिंह गंगवा

- **नाम**–रणबीर गंगवा **(कैबिनेट मंत्री)**
  **पार्टी**–भारतीय जनता पार्टी
  **चुनाव क्षेत्र**–बरवाला
  **विभाग**–पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग, पब्लिक वर्क (बिल्डिंग रोड)।


श्री कृष्ण बेदी

- **नाम**–कृष्ण बेदी **(कैबिनेट मंत्री)**
  **पार्टी**–भारतीय जनता पार्टी
  **चुनाव क्षेत्र**–नरवाला
  **विभाग**–सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा)।


श्रुति चौधरी

- **नाम**–श्रुति चौधरी **(कैबिनेट मंत्री)**
  **पार्टी**–भारतीय जनता पार्टी
  **चुनाव क्षेत्र**–तोशाम
  **विभाग**–महिला एवं बाल विकास, सिंचाई एवं जल संसाधन।


आरती राव

- **नाम**–आरती राव **(कैबिनेट मंत्री)**
  **पार्टी**–भारतीय जनता पार्टी
  **चुनाव क्षेत्र**–अटेली
  **विभाग**–स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान आयुष।


राजेश नागर

- **नाम**–राजेश नागर **(राज्य मंत्री)**
  **पार्टी**–भारतीय जनता पार्टी
  **चुनाव क्षेत्र**–तिगाँव
  **विभाग**–खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले (स्वतंत्र प्रभार)।


गौरव गौतम

- **नाम**–गौरव गौतम **(राज्यमंत्री)**
  **पार्टी**–भारतीय जनता पार्टी
  **चुनाव क्षेत्र**–पलवल
  **विभाग**–युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता (स्वतंत्र प्रभार), खेल।

- हरियाणा में विधानसभा की कुल 90 सीटे है। जिसमें बीजेपी-48, कांग्रेस-37, आई. एन. एल. डी.-2, अन्य-3.
- हरियाणा में पाँच राज्यसभा सांसद है–
  - राम चंद्र जांगड़ा (बीजेपी)
  - किरण चौधरी (बीजेपी)
  - सुभाष बराला (बीजेपी)
  - कार्तिकेय शर्मा (स्वतंत्र)
  - रेखा शर्मा (बीजेपी)
- **हरियाणा में 10 लोकसभा सांसद–**
  - **हिसार**–जयप्रकाश जेपी (कांग्रेस)
  - **सिरसा**–कुमारी सैलजा (कांग्रेस)
  - **भिवानी**–महेंद्रगढ़-धर्मवीर सिंह (बीजेपी)
  - **गुरुग्राम**–राव इंद्रजीत सिंह (बीजेपी)
  - **फरीदाबाद**–कृष्ण पाल गुज्जर (बीजेपी)
  - **रोहतक**–दीपेन्द्र हुड्डा (कांग्रेस)
  - **सोनीपत**–सतपाल ब्रह्मचारी (कांग्रेस)
  - **करनाल**–मनोहर लाल खट्टर (बीजेपी)
  - **कुरुक्षेत्र**–नवीन जिंदल (बीजेपी)
  - **अंबाला**–वरुण मुलाना (कांग्रेस)

## हरियाणा सांख्यिकीय सारांश-2025

- हरियाणा में जिले **–22**
- हरियाणा में मंडल **–6**
- हरियाणा में उपमंडल **–80**
- हरियाणा में तहसीलें **–94**
- हरियाणा में उप-तहसीलें **–49**
- हरियाणा में खण्ड **–143**
- हरियाणा में कुल गांव (2011 की जनगणना के अनुसार) **–6841**
- हरियाणा में कुल गांव (वर्तमान में) **–7356**
- हरियाणा में कुल शहर (2011 की जनगणना के अनुसार) **–154**
- हरियाणा की कुल जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार) **–25351462**
- हरियाणा का जनसंख्या घनत्व (2011 की जनगणना के अनुसार) **–573 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर**
- साक्षरता दर (2011 की जनगणना के अनुसार) **–75.55%**
- हरियाणा की पुरुष साक्षरता दर कितने प्रतिशत है **–84.1%**
- हरियाणा की महिला साक्षरता दर कितने प्रतिशत है**–65.9%**
- लिंगानुपात (2011 की जनगणना के अनुसार) **–879 प्रति हजार पुरुषों पर महिलाओं की संख्या**
- हरियाणा राज्य घरेलू उत्पाद **–स्थिर कीमतों पर**
  - सकल राज्य घरेलू उत्पाद (2023-24 अंतरिम) **–634027**
  - प्राथमिक क्षेत्र (GSVA) वृद्धि **–4.5%**
  - द्वितीय क्षेत्र (GSVA) वृद्धि **–7.2%**
  - तृतीय क्षेत्र (GSVA) वृद्धि **–9%**
  - प्रति व्यक्ति आय **–185490**
- प्रति व्यक्ति प्रतिदिन दूध की उपलब्धता **–1081 ग्राम**
- हरियाणा की दूध उत्पादन में रैंक **–3 (पंजाब, राजस्थान, हरियाणा)**
- भारतीय डेयरी विभाग के अनुसार प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता हरियाणा में। **–1098 ग्राम**
- हरियाणा में बिजली कनेक्शनों की संख्या **–7684874**
- हरियाणा में कुल यूनिवर्सिटी **–57**
- हरियाणा में महाविद्यालय(कॉलेज) **–373**
- हरियाणा में प्राथमिक विद्यालय **–9882**
- हरियाणा में माध्यमिक विद्यालय **–5916**
- हरियाणा में उच्च विद्यालय **–9078**
- कुल जारी किए गए आयुष्मान कार्ड (2021-22) **–301911**
- हरियाणा में जन्म दर (2020) **–19.9**
- हरियाणा में मृत्यु दर (2020) **–6.1**
- हरियाणा में शिशु मृत्यु दर (2020) **–28**
- हरियाणा में कुल राशन डिपो **–9481**
- हरियाणा में सक्रिय आंगनवाड़ियों की संख्या **–25962**
- रेलवे मार्ग की कुल लंबाई (2022-23) **–4495.15 किलोमीटर**
- सड़कों की कुल लंबाई **–31227 किलोमीटर**
- पक्की सड़कों के साथ जुड़े हुए गांवों की संख्या **–7021**
- हरियाणा में मेडिकल कॉलेज (2022-23) **–13**
- हरियाणा में डेंटल कॉलेज (2022-23) **–10**
- हरियाणा में MBBS की सीटें **–1835**
- हरियाणा राज्य की 1 नवंबर 1966 को पृथक् राज्य के रूप में अस्तित्व में आने के समय 7 जिले थे–अंबाला, करनाल, रोहतक, गुरुग्राम, महेंद्रगढ़, हिसार एवं जींद थे। इसके पश्चात समय-समय पर नए जिले घोषित करने के परिणाम स्वरुप जिलों की सीमाएं पुनर्गठित की जाती रहीं हैं अब तक जो नए जिले घोषित किया जा चुके हैं उनका विवरण इस प्रकार है–
  - **भिवानी/सोनीपत** –22 दिसंबर, 1972
  - **कुरूक्षेत्र** –23 जनवरी, 1973
  - **सिरसा** –26 अगस्त, 1975
    - **नोट**–HSSC ने एक पेपर में 1 सितम्बर, 1975 माना है।
  - **फरीदाबाद** –15 अगस्त, 1979
  - **यमुनानगर/कैथल/पानीपत/रेवाड़ी**–1 नवंबर, 1989
  - **पंचकुला** –15 अगस्त, 1995
  - **झज्जर/फतेहाबाद** –15 जुलाई, 1997
  - **मेवात (नूंह)** –4 अप्रैल, 2005
  - **पलवल** –13 अगस्त, 2008
  - **चरखी दादरी** –1 दिसंबर, 2016
- वर्तमान में क्षेत्रफल अनुसार सबसे बड़ा जिला **–सिरसा (4277 $km^2$)**
- वर्तमान में जनसंख्या अनुसार सबसे बड़ा जिला **–फरीदाबाद (1809733)**
- वर्तमान में क्षेत्रफल अनुसार सबसे छोटा जिला **–फरीदाबाद (741 वर्ग किलोमीटर)**
- वर्तमान में जनसंख्या अनुसार सबसे छोटा जिला **–पंचकुला (561293)**
- हरियाणा में क्षेत्रफल अनुसार सबसे बड़ी तहसील **–हिसार (2234 वर्ग किलोमीटर)**
- हरियाणा में जनसंख्या अनुसार सबसे बड़ी तहसील **–फरीदाबाद (1594839)**
- हरियाणा में क्षेत्रफल अनुसार सबसे छोटी तहसील **–मानेसर (160.80 वर्ग किलोमीटर)**
- हरियाणा में जनसंख्या अनुसार सबसे छोटी तहसील **–भिवानी (100183)**
- हरियाणा में जनसंख्या वृद्धि दर (2001-2011) **–19.9%**
- हरियाणा का सबसे अधिक जनसंख्या वृद्धि दर वाला जिला **–गुरुग्राम (73.96%)**
- हरियाणा में सबसे कम जनसंख्या वृद्धि दर वाला जिला **–झज्जर (8.90%)**

## हरियाणा पुलिस डाटा अपडेटेड

- 1 नवम्बर, 1966 को पंजाब पुलिस की छः बटालियन हरियाणा को मिली थी एवं इनमें चार बटालियन IRB की थी, जो बाद में BSF में मिला कर दी गई थी, जो दो बटालियन बची थी उनका अस्थाई रूप से अम्बाला और नीलोखेड़ी (करनाल) में स्थापित किया। पहली बटालियन को अम्बाला में ही रखा हुआ है। आज तक HAP को मधुबन में 1968 में शिफ्ट किया।
- Law and order की जरूरतों के हिसाब से 1969 में HAP 3rd बटालियन का गठन किया और इसका HQ हिसार बना।
- 4th बटालियन HAP का गठन 14-9-1973 को एक Technical be to maintain essential services like electric supply and road transport during any employee strike के लिए किया गया।
- परन्तु 1979 में इस बटालियन को HAP Personal से District Police में बदल दिया गया, अब यह बटालियन बाकी बटालियनों की तरह ही कार्य करती है।
  - **नोट**–HAP (Haryana Armed Police) कुश्ती, वॉलीबाल, कबड्डी और फुटबाल में दक्षता/शानदार है।
- हरियाणा पुलिस पब्लिक स्कूल एक प्राइवेट स्कूल है, जो मधुबन कॉम्पलेक्स में चल रहा है। इस स्कूल में लगभग 900 छात्र/छात्राओं पढते हैं।
- **MAP (Mounted Armed Police)**–1 नवम्बर, 1966 को 96 घोड़े हरियाणा पुलिस को मिले थे। अब यह 4th बटालियन मधुबन के अन्तर्गत कार्य करती है। वर्तमान में 78 घोड़े है। MAP की वर्तमान में 17 पुलिस आउट पोस्ट हैं, जो विभिन्न पेट्रोलिंग (गश्त) सेंसिटिव एरिया उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान के बॉर्डर साथ करती है।
- MAP (Mountain Armed Police) ने अब तक 51 स्वर्ण पदक, 32 सिल्वर पदक और 35 ब्राँच मेडल जीते हैं। नेशनल व इंटरनेशनल लेवल तक।
- **Police Telecom Wing**–1 नवम्बर, 1966 को इसका गठन हुआ। तब यह वायरलेस विंग के नाम से जानी जाती थी। उस समय 13 HF स्टेशन सात जिलों में थे। वायरलेस विंग का HQ तब Sector-2A चण्डीगढ में था। वर्तमान में हर जिले में District Control Room बनाया गया है एवं इसके 6 Communication Channel बनाए गए है। 2,000 वायरलेस स्टेशन हैं। वर्तमान में Tele-communication Wing का HQ मोगीनन्द (पंचकूला) में है।
  - **नोट**–हरियाणा पुलिस का बेतार पुनरावृति एंटीना–
    - सहारन पहाड़ी (हिमाचल),
    - टकड़ी पहाड़ी (रेवाड़ी),
    - तोशाम पर्वत श्रेणी (भिवानी)।
- **हरियाणा रेलवे पुलिस**–रेलवे पुलिस HQ अम्बाला में है। इसका डिविजन अम्बाला और हिसार है तथा 16 रेलवे पुलिस थाने हैं। HP के 1 HP लगभग 330 ट्रेनें जो हरियाणा से गुजरती है। उनमें सुरक्षा प्रदान करती है।
- GRP हरियाणा का अधिकांश क्षेत्र उत्तर रेलवे के अन्तर्गत आता है। अम्बाला में मण्डल रेलवे का प्रबंधक का क्षेत्र अम्बाला छावनी और कालका के सरकारी रेलवे पुलिस स्टेशनों को कवर करता है।
- सोनीपत, रोहतक, कुरुक्षेत्र, करनाल, जींद, हिसार और सिरसा के सरकारी रेलवे पुलिस स्टेशन मण्डल रेल प्रबन्धक, दिल्ली के अधिकार क्षेत्र में आते हैं।
- रेलवे पुलिस चौकी नारनौल का क्षेत्र पश्चिम रेलवे के मण्डल रेल प्रबंधक, बिकानेर के अन्तर्गत आता है।
- राजकीय रेलवे पुलिस स्टेशन फरीदाबाद और रेवाड़ी (PP नारनौल को छोड़कर) का क्षेत्र मध्य रेलवे के अन्तर्गत मण्डल रेल प्रबंधक, झांसी के अधिकार क्षेत्र में आता है।
- **हरियाणा पुलिस अकादमी**–इसकी स्थापना मधुबन में 1976 में हुई एवं यह 1977 से IPS को भी प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। यहाँ पर हिमाचल SSP (3 बैच), नागालैण्ड (1 बैच) हरियाणा के NGO के 20 बैच, हिमाचल (2 बैच), CBI (1 बैच) CISF (1 बैच), बिहार (1 बैच), मणिपुर

(1 बैच), अण्डमान और निकोबार (1 मैच) को प्रशिक्षण दिया है। नवम्बर 1997 से अगस्त 1998 तक जम्मू-कश्मीर के जवानों को प्रशिक्षण दिया है। केन्द्रीय पुलिस संगठनों के 7,000 और अफगानिस्तान के 43 प्रशिक्षुओं सहित लगभग 80,000 प्रशिक्षुओं को यहाँ पर प्रशिक्षित किया गया है।

- **नोट**–मधुबन पुलिस अकादमी की Location दिल्ली से उत्तर में 112 किमी. अम्बाला से 90 किमी दक्षिण में। करनाल से यह दक्षिण की तरह 10 किमी है। यह पूरा परिसर मधुबन अकादमी का 2,000 एकड़ में फैला हुआ है।

- **फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला**–इसकी स्थापना रोहतक में 1973 में हुई थी, जो बाद में 1976 में मधुबन में स्थानान्तरित की गई। इस प्रयोगशाला में कुल आठ विभाग शामिल है।
  - रसायन विज्ञान,
  - भौतिकी,
  - जीव विज्ञान,
  - सीरोलॉजी,
  - बैलिस्टिक,
  - दस्तावेज,
  - इंस्ट्रूमेंटेशन और पॉलीग्राफ (liedetection) और तीन खण्ड फोटो,
  - सामान्य और सूचना।
- जाँच एजेंसियों को मौके पर और व्यापक सेवाएँ मुहैया कराने के लिए रेंज मुख्यालय पर पाँच सीन ऑफ क्राइम वाहन तैनात है।
- गैर-सरकारी संगठनों और सिपाही को प्रशिक्षित करने के लिए वर्ष 1993 में हरियाणा पुलिस कर्मियों के लिए तोड़-फोड़ विरोधी जाँच पर एक कैप्सूल पाठ्यक्रम शुरू किया गया है।
- HP का सीरोलॉजी डिवीजन लगभग 40 सेरोजेनेटिक रक्त/वीर्य/लार आदि पर कार्य कर रही है।
- सूचना अनुभाग HP में वर्तमान में 5,526 किताबें हैं और 12 भारतीय और विदेशी पत्रिकाओं की सदस्यता लेती है।
- जैव प्रौद्योगिकी विमान, भारत सरकार द्वारा मई, 1999 में एक शोध परियोजना "हरियाणा के सात एंड्रोगैमस समूहों के 14 DNA पर मानव जीनोम प्रोफाइल" को मंजूरी दी थी।
- **CID ADGP**–आलोक मित्तल।
- **साइबर क्राइम ADGP**–ओ. पी. सिंह
- **साइबर अपराध पुलिस थाने**–28
- **हरियाणा में जिला जेल**–17
- **सेंट्रल जेल**–3 (अम्बाला-1857 में, हिसार-2)
- राज्य अपराध ब्यूरो का गठन 1956 में CID से अलग करके किया था। राज्य अपराध ब्यूरो को कुल 4 विंग में बाँटा गया है–
  - फिंगर प्रिण्ट ब्यूरो,
  - कम्प्यूटर विंग,
  - भीड़,
  - सांख्यिकी विंग,
  - **फिंगर प्रिण्ट ब्यूरो**–हरियाणा में स्टेट फिंगर प्रिण्ट ब्यूरो की स्थापना अक्टूबर 1972 में हुई थी। इसने 14 अक्टूबर, 1974 से रोहतक में स्वतंत्र रूप से काम करना शुरू किया। इसे 1976 में मधुबन स्थानांतरित कर दिया गया था, बाद में इसे SCRB में मिला दिया गया था। 1974 तक, फिंगर प्रिण्ट ब्यूरो, फिल्लौर (पंजाब) में दोषी व्यक्तियों के फिंगर प्रिण्ट रिकॉर्ड बनाए गए थे।
  - **कम्प्यूटर विंग**–HP का पहला कम्प्यूटर केन्द्र वर्ष 1979 में अस्तित्व में आया। यह CID के प्रशासनिक नियंत्रण में चण्डीगढ़ में स्थित था। वास्तविक कम्प्यूटीकरण 1988 में शुरू हुआ, जब आधुनिकीकरण की योजना के तहत 75 PC.XT कम्प्यूटर खरीदे गए, 1989 में 76 कम्प्यूटर और खरीदे गए थे। 1994 में CCIS (राष्ट्रीय आपराधिक सूचना प्रणाली) शुरू की।
  - **M. O. B. (Modus Operandi Bureau)**–MOB को CID के तहत शुरू किया था, परन्तु बाद में 1 अप्रैल, 1987 को SCRB (स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो) में मिला दिया गया।
  - **सांख्यिकीय विंग**–बैंकों में डकैती, भीड़, अपहरण, पासपोर्ट, नकली मुद्रा आदि के लिए कार्य करती है।
- **HP कमांडो विंग**–इसकी स्थापना 1988-89 में हुई थी। कमांडो को प्रशिक्षण के बाद कमांडो प्रशिक्षण स्कूल, पंचकूला में विशेष गहन प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है। इस बल को युवा रखने के लिए 30 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले कमांडो को जिला पुलिस में स्थानांतरित कर दिया जाता है। वर्तमान में कमांडो की केवल एक बटालियन है, अन्य बटालियन की ताकत को जिला पुलिस में मिला दिया गया है।
- **HP हाउसिंग कॉरपोरेशन**–इसकी स्थापना 29 दिसम्बर, 1989 कम्पनी एक्ट 1956 में हुई थी। अब तक इसने 5,214 आवास इकाइयों और 44 पुलिस थानों का निर्माण किया है।
- हरियाणा पुलिस मुख्यालय, जो पहले सिविल सचिवालय, चण्डीगढ में स्थित था अब सेक्टर-6, पंचकूला में अपने स्वयं के भवन में स्थानान्तरित कर दिया गया है।
- CID ट्रेनिंग स्कूल और कमांडो ट्रेनिंग स्कूल दोनों पंचकूला में स्थित है।
- राज्य अपराध शाखा (State Cyber Crime) की स्थापना 2006 में मोगीनन्द (पंचकूला) में हुई थी।
- HP में पाँच बटालियन शामिल है, जिनमें से तीन करनाल के पास मधुबन में स्थित है तथा दो बटालियन अम्बाला (HAP-1), हिसार (HAP-3) में स्थित है।
  - **नोट**–मधुबन में HAP की HAP-2, HAP-4, HAP-5 है।
- सेवा सुरक्षा सहयोग हरियाणा पुलिस का आदर्श वाक्य है।
- हरियाणा पुलिस का मुखिया गृह मंत्री होता है
  **–12 मार्च, 2024 से**
  **नायब सिंह सैनी (जन्म–25 जनवरी, 1970)**
- हरियाणा पुलिस में उच्चतम रैंक
  **–DIG (Director General of Police)**
  - वर्तमान में शत्रुजीत कपूर
  - डी. जी. जेल–मोहम्मद अकील
- **हरियाणा पुलिस में पद्म श्री विजेता–**
  - **विजेन्द्र सिंह**–P/DSP (26-1-2010).
  - **ममता सौदा**–DSP (26-1-2014).
- हरियाणा पुलिस में शौर्य पुलिस पदक विजेता
  **–कुल विजेता–56**
  - **पहले पुलिस पदक विजेता–**
    - **नरेन दास (H. C.)**–5 दिसम्बर, 1973.
    - **जागीर सिंह (Constable)**–5 दिसम्बर, 1973.
- स्पेशल ड्यूटी के लिए पुलिस पदक
  **–चमन लाल (Constable)–2013**
- PM पुलिस (जीवन रक्षा पदक) विजेता **–11**
  - **पहला विजेता**–वी. कर्मराजा (IPS)–1994
  - **वर्तमान में विजेता**–सत्यवान (H. C.)–2012
- **राष्ट्रीय पुलिस सम्मारक**–चाणक्यपुरी (दिल्ली)
  - **दिवस मनाया जाता है**–21 अक्टूबर।
- **हरियाणा पुलिस कमिशनरेट**–5
  - गुरूग्राम (जून 2007),
  - फरीदाबाद (अगस्त 2009),
  - पंचकूला (जून 2007),
  - सोनीपत (नवम्बर 2022),
  - झज्जर (फरवरी 2024)।
- **पुलिस रेंज**–5
  - **हिसार**–हिसार, फतेहाबाद, हांसी, सिरसा, जींद।
  - **रोहतक**–रोहतक, झज्जर, सोनीपत, चरखी दादरी, भिवानी।
  - **अम्बाला**–अम्बाला, यमुनानगर, कुरूक्षेत्र।
  - **करनाल**–करनाल, पानीपत, कैथल।
  - **साउथ रेंज (रेवाड़ी)**–रेवाड़ी, महेन्द्रगढ़, पलवल, नूंह।
- **हरियाणा में पुलिस जिले**–25 (हांसी, मानेसर और डबवाली।
- **हरियाणा में कितने तरह के महिला पुलिस थाने कुल (33) हैं**–2 तरह के
  - महिला पुलिस थाना,
  - पिंक महिला पुलिस थाना।
- हरियाणा में पुलिस मित्र कक्ष की शुरूआत 1 नवम्बर, 2017 को हुई थी।
- हरियाणा में 27 ट्रैफिक थाने हैं।
  - **नोट**–पंजाब पुलिस रूल–1934
- न्यायवैधिक विज्ञान प्रयोगशाला, हरियाणा, देश-प्रदेश की अग्रिम पंक्ति की प्रयोगशालाओं में गिनी जाती है। उत्तरी भारत में यह NABL के अन्तर्गत मूल्यांकित एवं प्रत्याशित प्रथम न्याय वैधिक विज्ञान प्रयोगशाला है तथा सम्पूर्ण भारत में तीसरी प्रत्याशित प्रयोगशाला है। इसमें कुल 12 विभाग तथा एक अनुभाग है। वह एक अनुभाग 'आलोक चित्र अनुभाग है।
- **CCTNS**–क्राइम एण्ड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एण्ड सिस्टम।
- **PBS**–पोर्ट्रेट बिल्डिंग सिस्टम।
- **SWAN**–स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क।
- 17 अप्रैल, 2007 में सोबराइटी चैक पोस्ट की स्थापना करनाल में हुई थी।
  - **नोट**–पुलिस अकादमी मधुबन को अकादमी का दर्जा 2002 में दिया गया था।
- हरियाणा द्वारा हरियाणा साईबर लैब नैसकॉम और डाटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इण्डिया के सहयोग से 5 अगस्त, 2010 को स्थापित हुई थी।
- फोटो लैब की स्थापना 1 अप्रैल, 2009 को हुई थी।
- ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल का उद्घाटन 2 अप्रैल, 2008 को हुआ था।

## हरियाणा इकोनॉमिक सर्वे-2024

- हरियाणा का राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 2011-12 कीमतों पर वर्ष 2022-23 के द्रुत अनुमानों के अनुसार योगदान 3.7% है।
- **हरियाणा के सकल राज्य मूल्यवर्धन में स्थिर 2011-12 कीमतों पर वृद्धि–**
  - कृषि एवम सहबद्ध क्षेत्र (2023-24) अग्रगामी **–4.4%**
  - उद्योग क्षेत्र (2023-24) अग्रगामी **–7.2%**
  - सेवा क्षेत्र (2023-24) अग्रगामी **–9%**
  - कुल सकल राज्य मूल्य वर्धन (2023-24) अग्रगामी **–7.6%**
- **वर्ष 2023 24 में राज्य अर्थव्यवस्था की क्षेत्रवार संरचना स्थिर (2011-12) कीमतों पर–**
  - **कृषि एवं सहबद्ध क्षेत्र** – 16.2%
  - **उद्योग क्षेत्र** – 33.1%
  - **सेवा क्षेत्र** – 50.7%
- हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय (प्रचलित भावों पर) 2023-24 अग्रिम अनुमान **–325759**
- हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय (स्थिर 2011-12 भावों पर) अग्रिम अनुमान **–185490**
- प्रचलित कीमतों पर हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय **–9.8%**
- प्रचलित कीमतों पर भारत की प्रति व्यक्ति आय **–7.9%**

## हरियाणा बजट-2024

**1. हरियाणा का बजट 2024-25 के लिए कितना रहा है ?**

(a) 170490.84 करोड़ रुपये
(b) 55420.25 करोड़ रुपये
(c) 189876.61 करोड़ रुपये
(d) 811924.63 करोड़ रुपये

**2. संशोधित अनुमान 2023-24 में राजकोषीय घाटे को GSDP के 3 प्रतिशत की अनुमेय सीमा के मुकाबले GSDP के प्रतिशत पर सीमित किया गया है ?**

(a) 1.60% (b) 2.80% (c) 2.90% (d) 1.89%

**3. 2023-24 में कृषि उत्पादन हरियाणा में कितने प्रतिशत की दर से बढ़ा है?**

(a) 8.6% (b) 8.2% (c) 6.3% (d) 8.1%

**4. हरियाणा में 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पर हर सीजन में लगभग कितने लाख किसान अपनी फसल का विवरण उपलब्ध कराते हैं?**

(a) 5 लाख (b) 3 लाख (c) 10 लाख (d) 1 लाख

**5. पिछले तीन वर्षों में हरियाणा सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर कितनी फसलों की खरीद की है?**

(a) 5 फसलों (b) 10 फसलों
(c) 3 फसलों (d) 14 फसलों

**6. 2023-24 के दौरान लवणीय एवं जल भराव वाले कितने एकड़ क्षेत्र का सुधार किया गया था?**

(a) 52557 एकड़ (b) 51990 एकड़
(c) 41926 एकड़ (d) 52695 एकड़

**7. 2024-25 में गंभीर रूप से लवणीय और जल भराव वाली कितने एकड़ भूमि का सुधार करने का लक्ष्य हरियाणा सरकार ने निर्धारित किया है?**

(a) 62000 एकड़ (b) 41000 एकड़
(c) 71000 एकड़ (d) 31000 एकड़

**8. वर्ष 2023-24 में पिछले दो वर्षों में पराली जलाने के मामले कितने प्रतिशत कम हो गए हैं?**

(a) 81% (b) 91% (c) 37% (d) 67%

**9. हरियाणा बागवानी फसलों के लिए भावांतर भरपाई योजना शुरू करने वाला पहला राज्य है और किसानों के जोखिमों को कम करने के लिए कितने फलों और सब्जियों की फसलों को भावांतर भरपाई योजना में शामिल किया गया है?**

(a) 11 फसलें (b) 21 फसलें
(c) 45 फसलें (d) 6 फसलें

**10. 2024-25 के बजट में कितने बोटैनिकल गॉर्डन विकसित करने का प्रस्ताव हरियाणा सरकार ने किया है ?**

(a) 3 (b) 5 (c) 11 (d) 6

**11. कटाई उपरांत प्रबंधन के लिए कहां पर एक उत्कृष्ट केंद्र स्थापित किया जाएगा?**

(a) रेवाड़ी (b) पंचकूला (c) झज्जर (d) रोहतक

**12. स्वच्छ रोपण सामग्री के लिए हरियाणा में कहां पर एक उत्कृष्ट केंद्र स्थापित किया जाएगा ?**

(a) सतनाली (b) डालावास (c) चौनत (d) हांसी

**13. बोटैनिकल फार्मिंग के लिए एक उत्कृष्ट केंद्र कहां स्थापित किया जाएगा ?**

(a) चीका (b) नीलोखेड़ी (c) समालखा (d) मातनहेल

**14. भारत के देश के मुकाबले कुल कितने प्रतिशत दुधारू पशु केवल हरियाणा में है ?**

(a) 2.9% (b) 2.1% (c) 5.3% (d) 2.8%

**15. हाल ही के बजट में कितने नए राजकीय पशु अस्पताल खोलने का प्रस्ताव हरियाणा सरकार ने रखा है ?**

(a) 8 (b) 10 (c) 15 (d) 3

**16. हरियाणा में कितने एकड़ भूमि को मत्स्य और झींगा पालन के अंतर्गत लाया जाएगा ?**

(a) 2000 एकड़ (b) 3000 एकड़
(c) 4000 एकड़ (d) 5000 एकड़

**17. हरियाणा के किस जिले में बौद्धिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए एक आजीवन देखभाल गृह निर्माणाधीन है ?**

(a) अंबाला (b) करनाल (c) गुरुग्राम (d) हिसार

**18. हरियाणा सरकार द्वारा पिछले वर्ष शुरू की गई दयालु योजना में कितने से कितने वर्ष तक की आयु के सदस्य की मृत्यु होने पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है ?**

(a) 6 से 58 वर्ष (b) 6 से 61 वर्ष
(c) 6 से 60 वर्ष (d) 4 से 58 वर्ष

**19. हरियाणा सरकार ने 2024-25 में कितने हर हित स्टोर खोलने का प्रस्ताव किया है ?**

(a) 500 (b) 1000 (c) 1500 (d) 2000

**20. हरियाणा अंतोदय परिवार परिवहन योजना (HAPPY) के तहत गरीब परिवारों को हरियाणा रोडवेज की बसों में सालाना कितने किलोमीटर तक मुफ्त यात्रा का लाभ दिया जाएगा ?**

(a) 100 किलोमीटर (b) 500 किलोमीटर
(c) 1000 किलोमीटर (d) 1200 किलोमीटर

**21. प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना की शुरुआत माननीय प्रधानमंत्री ने अयोध्या से कब की थी ?**

(a) 10 जनवरी 2024 (b) 22 जनवरी 2024
(c) 30 जनवरी 2024 (d) 1 जनवरी 2024

**22. सरकार ने कब "ठेकेदार सक्षम युवा योजना" शुरू की ?**

(a) जनवरी 2024 (b) फरवरी 2024
(c) दिसंबर 2023 (d) नवंबर 2023

**23. वन मित्र योजना की शुरुआत कब की गई है ?**

(a) दिसंबर 2023 (b) जनवरी 2024
(c) फरवरी 2024 (d) मार्च 2024

**24. हरियाणा कौशल रोजगार निगम ने लगभग कितने लाख सक्रिय कर्मियों को अपने रोल पर लिया है ?**

(a) 1.11 लाख को (b) 1.25 लाख को
(c) 2.63 लाख को (d) 0.62 लाख को

**25. हरियाणा सरकार ने मुक्त छात्र परिवहन सुरक्षा योजना कब शुरू की ?**

(a) 1 जनवरी, 2024 (b) 16 जनवरी, 2024
(c) 22 जनवरी, 2024 (d) 1 फरवरी, 2024

**26. हरियाणा में 2024-25 में योग शालाओं सहित कितने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर स्थापित किए जाएंगें ?**

(a) 100 (b) 300 (c) 500 (d) 700

**27. हरियाणा के मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जिला मुख्यालय पर सांझा बाजार की स्थापना की घोषणा किस उत्सव पर की थी ?**

(a) पिंजौर आम मेला में (b) पानीपत तीज मेला में
(c) शिव मेला हिसार में (d) किसान मेला करनाल में

**28. हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कितने स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया है?**

(a) 58797 (b) 41677 (c) 67100 (d) 57919

**29. हरियाणा में युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के परिजनों के लिए दी जाने वाली 50 लाख रुपए की अनुग्रह राशि को बढ़ाकर कितने करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव किया गया है ?**

(a) 1 करोड़ (b) 2 करोड़ (c) 3 करोड़ (d) 5 करोड़

**30. हरियाणा सरकार 2024-25 में कितने तालाबों की शुद्ध नवीकरण और जीवन आधार का प्रस्ताव पारित किया है ?**

(a) 2100 तालाब (b) 2494 तालाब
(c) 2400 तालाब (d) 2800 तालाब

**31. हरियाणा में 'मेरा गाँव जगमग गाँव योजना' के तहत कितने गाँव को 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है ?**

(a) 5000 गाँव (b) 5396 गाँव
(c) 7100 गाँव (d) 5805 गाँव

**32. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड कंपनी द्वारा ₹ 6900 करोड की लागत से बनने वाले थर्मल पावर प्लांट का निर्माण हरियाणा के किस जिले में हो रहा है ?**

(a) पंचकुला (b) यमुनानगर
(c) चरखी दादरी (d) हिसार

**33. हरियाणा सरकार ने 2024-25 में कितने सौर पंप स्थापित करने का लक्ष्य रखा है ?**

(a) 50000 (b) 60000 (c) 70000 (d) 80000

**34. हरियाणा के किस जिले में 'हेली हब' शुरू करने का प्रस्ताव है ?**

(a) महेंद्रगढ़ (b) गुरुग्राम (c) सिरसा (d) पानीपत

**35. भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा ज्योतिसर अनुभव केंद्र का उद्घाटन कब किया गया ?**

(a) 1 जनवरी 2024 (b) 10 जनवरी 2024
(c) 16 जनवरी 2024 (d) 25 जनवरी 2024

**36. जनवरी 2024 तक कितने से अधिक गांवों का ड्रोन आधारित मैपिंग सर्वेक्षण पूरा हो चुका है ?**

(a) 5000 (b) 6000 (c) 7000 (d) 7500

**37. हरियाणा सरकार ने ई-पोर्टल सिस्टम के स्थान हरियाणा खान एवं भू-विज्ञान सूचना प्रणाली पोर्टल नामक एक नया पोर्टल शुरू किया गया ?**

(a) दिसंबर 2023 (b) जनवरी 2024
(c) अगस्त 2023 (d) जुलाई 2023

**38. हरियाणा सरकार ने आजादी का अमृत महोत्सव के आयोजन में कौन-सा स्थान हासिल किया है ?**

(a) पहला (b) दूसरा (c) तीसरा (d) चौथा

**39. हरियाणा सरकार ने मीडिया कर्मियों के कल्याण के लिए दी जाने वाली मीडिया कर्मियों की पेंशन 10000 से बढ़कर प्रति माह कितनी कर दी गई है ?**

(a) 12000 (b) 13000 (c) 15000 (d) 20000

**40. भारतवर्ष 2023 में कितने प्रतिशत की विकास दर के साथ दुनिया में तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है ?**

(a) 6.1% (b) 6.7% (c) 7.1% (d) 5.2%

**41. अखिल भारतीय सकल घरेलू उत्पाद में हरियाणा की GSDP की हिस्सेदारी वर्ष 2023- 24 में कितने प्रतिशत होने का अनुमान है ?**

(a) 3.1% (b) 5.1% (c) 3.7% (d) 3.2%

**42. हरियाणा के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में वर्ष 2023-24 में कितने प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित है ?**

(a) 5% (b) 6% (c) 7% (d) 8%

**43. वर्ष 2023-24 में प्राथमिक, द्वितीय और तृतीयक क्षेत्र में क्रमशः कितने प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है ?**

(a) 8.2%, 6.7%, 9.1% (b) 8.6%, 6.3%, 13.8%
(c) 12.1%, 3.90%, 18.3% (d) 6.90%, 14%, 18.31%

### उत्तरमाला

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 2. (b) | 3. (d) | 4. (c) | 5. (d) |
| 6. (d) | 7. (a) | 8. (d) | 9. (b) | 10. (d) |
| 11. (b) | 12. (d) | 13. (a) | 14. (b) | 15. (a) |
| 16. (c) | 17. (a) | 18. (c) | 19. (b) | 20. (c) |
| 21. (b) | 22. (b) | 23. (c) | 24. (a) | 25. (b) |
| 26. (c) | 27. (b) | 28. (a) | 29. (a) | 30. (b) |
| 31. (d) | 32. (b) | 33. (c) | 34. (b) | 35. (c) |
| 36. (b) | 37. (a) | 38. (c) | 39. (c) | 40. (b) |
| 41. (c) | 42. (d) | 43. (b) | | |

# हरियाणा करेंट अफेयर्स

## जनवरी 2024

- हरियाणा का दिसंबर 2023 में जीएसटी कलेक्शन 8130 करोड़ रुपए रहा है।
- बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा बुनियादी सुविधाओं पर खर्च करने में दूसरे नंबर पर है।
- हरियाणा के करनाल जिले के गोल्फर व नेवी के जवान रोहित नरवाल ने 122वीं इंडियन गोल्फ यूनियन की स्पर्धा में दूसरा स्थान हासिल किया है।
- 1 जनवरी 2024 को हरियाणा के सरकारी कर्मचारियों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा की शुरुआत बंडारू दत्तात्रेय ने की।
- संदीप आर्य को गुजरात ने सूर्य नमस्कार रत्न अवार्ड से सम्मानित किया। इनका संबंध हिसार जिले के फरीदपुर से है और फरीदपुर गांव से ही अनीता कुंडू पर्वतारोही का संबंध है।
- 1 जनवरी 2024 तक हरियाणा के पांच जिलों में इनक्यूबेशन सेंटर खोले गए हैं। वे पांच जिले हैं हिसार, भिवानी, करनाल, गुरुग्राम और पंचकूला।
- चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रोफेसर बी आर कंबोज को एमएस स्वामीनाथन पुरस्कार से सम्मानित किया है।
- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ मनसुख मांडवीया ने अंबाला कैंट के नग्गल में स्थापित होने वाली राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र की शाखा का वर्चुअल शिलान्यास किया।
- हरियाणा के पास फुलकारी और बासमती चावल के दो जीआई टैग हैं।
- हरियाणा के गुरुग्राम में एडिडास का एक कॉरपोरेट ऑफिस है।
- फतेहाबाद जिले के गांव कुणाल में खुदाई के दौरान 7500 साल पुराने 50 गड्ढे मिले हैं।
- कुरुक्षेत्र में आयोजित डेयरी शो में करनाल के झनझाड़ी निवासी साहिल मेहला की एचएफ नस्ल की गाय शकीरा ने 24 घंटे में 80 किलो 756 ग्राम दूध देकर एशिया में रिकॉर्ड बनाया है।
- हरियाणा ने जनवरी 2024 तक एक करोड़ आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत खाते खुले हैं।
- हरियाणा में 'मेरा पानी मेरी विरासत योजना' के तहत चालू वित्तीय वर्ष में 42480 करोड़ लीटर पानी बचाने का लक्ष्य रखा गया है। यह योजना हरियाणा में 2020 से शुरू हुई थी।
- झज्जर जिले के गांव छपार की गोल्फर दीक्षा डागर को अर्जुन अवार्ड 2023 से भारत की राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू ने सम्मानित किया है।
- हरियाणा के सोनीपत जिले के गांव डबरपुर निवासी पहलवान सुनील कुमार को अर्जुन अवार्ड 2023 से सम्मानित किया है।
- 67वीं नेशनल स्कूली हैंडबॉल चैंपियनशिप में हरियाणा चैंपियन रहा है।
- क्रॉस कंट्री स्कीइंग अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में हरियाणा की लड़की विकास राणा ने स्वर्ण पदक जीता है। इनका संबंध जींद जिले के सुदकैन खुर्द गांव से है।
- हिसार जिले के भगाना गांव की कुश्ती खिलाड़ी अंतिम पंघाल को 2023 का अर्जुन अवार्ड मिला है।
- हरियाणा के पानीपत की गोल्डन बहू रितु नेगी को भी अर्जुन अवार्ड मिला है।
- हरियाणा के झज्जर जिले के पहलवान अमन सेहरावत ने वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज में स्वर्ण पदक जीता है।
- हरियाणा के फरीदाबाद की रिदम सांगवान ने एशियन शूटिंग चैंपियनशिप 2023 में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है।
- नेशनल टेबल टेनिस में डबल्स में रोहतक के सुहाना सैनी ने स्वर्ण पदक जीता है।
- गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार की प्रिंटिंग विभाग की शिक्षिका डॉक्टर वंदना गुप्ता पूरे उत्तर भारत में प्रिंटिंग में पीएचडी करने वाली पहली महिला शिक्षिका बनी है।
- स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में हरियाणा के रोहतक को 109वां स्थान मिला है।
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में सबसे स्वच्छ राज्य में हरियाणा को 14वां स्थान मिला है। महाराष्ट्र को प्रथम स्थान मिला है।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने डॉक्टर कृष्ण गोपाल द्वारा लिखित एवं हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी द्वारा प्रकाशित पुस्तक डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव रामजी अंबेडकर जीवन और चिंतन का विमोचन किया।
- केंद्र सरकार ने हरियाणा के रोहतक और रेवाड़ी में सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम क्लीनिक खोलने की मंजूरी प्रदान की है देश में ऐसे 21 क्लीनिक खोले जाएंगे जिसमें से दो हरियाणा में होंगे।
- हरियाणा में 14 जनवरी, 2024 को 263वाँ मराठा शौर्य दिवस मनाया गया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पंचकूला के सेक्टर 32 में 30 एकड़ भूमि पर ₹ 800 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की आधारशिला रखी और बताया कि इसका नाम डॉक्टर मंगल सेन के नाम पर रखा जाएगा।
- झज्जर जिले के सुमित नागल पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे राउंड में पहुंचे।
- हरियाणा के फरीदाबाद स्थित ट्रांसलेशन हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टिट्यूट में 17 से 20 जनवरी 2024 तक 9वें भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2023 की मेजबानी की गई।
- हरियाणा के मुख्य सचिव ने आईआईटी मद्रास के सड़क सुरक्षा उत्कृष्टता केंद्र द्वारा विकसित किया गया संजय नाम के लोकेशन इंटेलिजेंस प्लेटफार्म को लांच किया।
- हिसार के हवाई अड्डे से हवाई उड़ाने शुरू करने के लिए एलाइंस एयर के साथ एक समझौता ज्ञापन किया है।
- हरियाणा के झज्जर जिले के गुरुकुल संग्रहालय में भगवान श्री राम और रामायण से जुड़ी दुर्लभ मूर्तियां रखी गई है।
- सियावन तीर्थ कैथल जिले में स्थित है।
- नारनौल के गांव नावदी की 9 वर्षीय गरिमा को राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है।
- सोनीपत जिले के पहलवान रवि कुमार दहिया ने ग्रैंड प्रिक्स डी फ्रांस हेनरी डेगलेन 2024 कुश्ती टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता है।
- दूसरा पुस्तक मेला यवनिका टाउन पार्क सेक्टर 5 पंचकूला में 15 से 22 जनवरी 2024 के बीच संपन्न हुआ है। इस मेले की थीम 'विद्युत प्रवाह से ज्ञान प्रवाह' रखी गई थी।
- राजकीय महिला महाविद्यालय रोहतक में 23 जनवरी 2024 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया।
- हरियाणा के हिसार मंडल पुलिस ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत कंप्लेंट मॉनिटरिंग सिस्टम ऐप को लॉन्च किया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री ने डुल्ट गांव फतेहाबाद से प्रदेश के 60 और तालाबों के सौंदर्यकरण का वर्चुअल लोकार्पण किया।
- लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय हिसार के नए कैंपस का उद्घाटन 24 जनवरी 2024 को हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर ने किया था। इस विश्वविद्यालय की स्थापना 1 दिसंबर 2010 को की गई थी।
- लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत ITT तथा IVF लैब तैयार की गई है।
- 69वें फिल्म फेयर अवार्ड 2024 में पानीपत जिले के तरुण डुडेजा को बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर का खिताब फिल्म धक धक के लिए दिया गया।
- हरियाणा में 16 जनवरी 2024 से विद्यार्थी परिवहन योजना शुरू की गई।
- हरियाणा के चार लोगों को पद्मश्री अवार्ड 2024 मिला है जिनके नाम निम्नलिखित हैं–
  - डॉ. हरिओम
  - डॉ. रामचंद्र सियाग
  - डॉक्टर गुरविंदर सिंह
  - महावीर गुड्डू
- हिसार जिले के गांव सिवानी बोलान के डॉक्टर रामचंद्र सिहाग को साइंस एंड टेक्नोलॉजी के लिए पद्म श्री अवार्ड 2024 मिला है।
- जींद जिले के गांव गंगोली निवासी हरियाणवी लोक कलाकार महावीर गुड्डू को कला के लिए पद्म श्री पुरस्कार 2024 मिला है।
- सिरसा जिले के गुरविंदर सिंह को सामाजिक कार्यों के लिए पद्म श्री अवार्ड 2024 मिला है।
- जींद जिले के गांव सफीदों के रहने वाले डॉक्टर हरिओम को विज्ञान एवं तकनीकी में पदम श्री 2024 मिला है।
- चरखी दादरी जिले के गांव डोहकी निवासी मेजर मोहित सांगवान को राष्ट्रपति द्वारा वीरता पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया है।
- हरियाणा के 10 पुलिस जवानों को पुरस्कार मिला है।
- 26 जनवरी 2024 को 75वें गणतंत्र दिवस पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने पानीपत में ध्वजारोहण किया था।
- 26 जनवरी 2024 को 75वें गणतंत्र दिवस पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने करनाल में ध्वजारोहण किया था।
- 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में हरियाणा की झांकी की थीम 'मेरा परिवार मेरी पहचान' थी।
- रिदम सांगवान और उज्ज्वल ने वर्ल्ड कप के 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्सड में स्वर्ण पदक जीता।
- हरियाणा के हिसार जिले के बॉक्सर मनदीप जांगड़ा ने छठा इंटरकॉन्टिनेंटल टाइटल 2024 जीता है।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने 28 जनवरी 2024 को पानीपत के सिवाह से लो फ्लोर इलेक्ट्रिक बसों का शुभारंभ किया।
- पीजीआई रोहतक शव में चीरा लगाए बिना ही पोस्टमार्टम करने वाला हरियाणा का पहला संस्थान बन गया है।
- फतेहाबाद जिले के गांव भट्टू के कर्ण कोट के टीले से 11वीं शताब्दी की भगवान विष्णु की खंडित मूर्ति मिली है।
- हरियाणा का हिसार पांचवा महानगर विकास प्राधिकरण बनेगा। इससे पहले हरियाणा में गुरुग्राम, फरीदाबाद, पंचकूला और सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण है।

## फरवरी 2024

- 1 फरवरी को कल्पना चावला की पुण्यतिथि मनाई गई।
- हरियाणा में 1 फरवरी 2024 को 15 मंडियों में अटल कैंटीन खोली गई है। वर्तमान में अब ऐसी कैंटीनों की संख्या 40 हो गई है।
- हरियाणा में ट्रस्ट बेस बिलिंग सुविधा के पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत चार जिलों से की है यह जिले पंचकूला, करनाल, महेंद्रगढ़ और हिसार हैं।
- भारतीय मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने अमेरिका में इंटरकॉन्टिनेंटल सुपर फेदरवेट का खिताब जीता।

- तमिलनाडु में खेले गए खेलो इंडिया गेम्स 2024 में हरियाणा ने 35 स्वर्ण, 22 रजत और 46 कांस्य सहित कुल 103 पदक जीतकर पदक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। प्रथम स्थान पर कुल 158 पदक जीतकर महाराष्ट्र रहा।
- भिवानी जिले के सिवानी निवासी अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही प्रविंत कुमार ने 26 जनवरी 2024 को 75वें गणतंत्र दिवस की सुबह अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया।
- हरियाणा के रोहतक जिले के टॉप ग्रेड कलाकार कैलाश चंद्र को आकाशवाणी दिल्ली की ओर से पंडित की उपाधि से नवाजा गया है।
- हरियाणा की यमुनानगर जिले में 6900 करोड़ की लागत से 800 मेगावाट यूनिट क्षमता के दीनबंधु थर्मल पावर प्लांट का निर्माण जल्द शुरू किया जाएगा।
- केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए हांसी से रोहतक के बीच 68.8 किलोमीटर लंबी रेल लाइन बिछाने के लिए ₹ 135 करोड़ और मंजूर किए हैं। इस परियोजना की घोषणा वर्ष 2011 में की गई थी और इसका शिलान्यास वर्ष 2013 में किया गया था।
- हरियाणा के नूंह जिले में चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के तत्वावधान में एक नया कृषि विज्ञान केंद्र खुलेगा। दरअसल, नूंह जिले के छपेड़ा गाँव में 30 एकड़ क्षेत्र में कृषि विज्ञान केंद्र, नूंह का हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शिलान्यास किया था। इस शिलान्यास में चीफ प्रिंसीपल सेक्रेट्री डीएस ढेसी और हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज भी उपस्थित रहे। अब हरियाणा में कृषि विज्ञान केंद्र की संख्या 20 हो गई है।
- 2 फरवरी, 2024 को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने फरीदाबाद के सूरजकुंड में 37वीं सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले का उद्घाटन किया। तंजानिया इस वर्ष के मेले का भागीदार देश था। इस मेले में थीम स्टेट गुजरात है तथा सांस्कृतिक थीम स्टेट पूर्वोत्तर के राज्य है। गुजरात इससे पहले 1997 में थीम स्टेट बना था। यह मेला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 2013 से मनाया जाता है।
- हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के अरुणाय गाँव में संगमेश्वर महादेव मंदिर है।
- हरियाणा सरकार के 9 अतुलनीय वर्ष नामक पुस्तक का विमोचन भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने फरीदाबाद के सूरजकुंड मेले में किया।
- हरियाणा के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय NAAC ओर से A++ ग्रेड लेने वाली यूनिवर्सिटी बनी है।
- हरियाणा ने कलारीपट्टू में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 में दूसरा स्थान हासिल किया।
- जयपुर में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में विनेश फोगाट ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है।
- हरियाणा के सरकारी स्कूलों के बच्चों ने माउंट रेहनोक पर तिरंगा फहराकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।
- हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कुरुक्षेत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में 'खुशी के विज्ञान के लिए रेखी उत्कृष्टता केंद्र' का उद्घाटन किया।
- नीरज चोपड़ा को स्विजरलैंड का फ्रेंडशिप एंबेसडर बनाया गया है।
- तीसरी राष्ट्रीय एडवेंचर फेस्टिवल का आयोजन हरियाणा के मोरनी हिल्स में किया गया।
- रिसर्च क्षेत्र में सराहनीय कार्यों के लिए प्रोफेसर विनोद कुमार वर्मा को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया।
- हरियाणा के पूर्व ACS डॉक्टर राजरूप फुलिया ने 1 लाख 1 हजार गाने रिकॉर्ड कर इंडिया बुक रिकॉर्ड बनाया है।
- हैदराबाद में 8 से 11 फरवरी 2024 तक आयोजित पांचवी नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में चरखी दादरी के कादमा गाँव की 107 वर्षीय बुजुर्ग एथलीट रामबाई ने 105 वर्ष के आयु वर्ग में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए डिस्कस थ्रो व शॉट पुट में दो स्वर्ण पदक जीते।
- हरियाणा के महेंद्रगढ़ में केंद्रीय विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने क्रेब एप्पल पर आधारित जेली शीट विकसित की है।
- इंडियन एसोसिएशन फॉर एडवांसमेंट रिसर्च ऑफ रिसर्च ने अपनी 24वीं भारतीय पशु चिकित्सा कॉन्फ्रेंस में लुवास हिसार के पशुपालन विभाग के महानिदेशक डॉक्टर एलसी रंगा को प्रतिष्ठित पशु चिकित्सक 2024 से सम्मानित किया है।
- हरियाणा सरकार ने सरकारी सेवाओं की जानकारी और सुविधाओं के लिए जन सहायक हेल्प ऐप शुरू की है।
- हरियाणा के सुमित नागल ने चेन्नई ओपन 2024 का खिताब जीता है।
- हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना शुरू की है, जिसके तहत दूसरा जीवित बच्चे के जन्म के बाद महिला को 5 हजार एकमुस्त दिए जाने का प्रावधान है। यह योजना 8 मार्च 2022 से लागू होगी, यानी इसके बाद जन्मे बच्चे पर महिलाएं आवेदन कर सकेंगी।
- हरियाणा सरकार ने युवाओं के लिए 4 वर्षीय वन मित्र योजना शुरू की है, जिसमें 18 से 60 वर्ष तक की आयु तक के लोग गैर वन भूमि पर 1000 पौधे लगा सकेगा। पौधे लगाने पर प्रति पौधा 30 रुपए मिलेंगे।
- हरियाणा के करनाल में अंतरराष्ट्रीय लवणता सम्मेलन 2024 का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में दो वैज्ञानिकों डॉक्टर असीमा दत्ता और डॉक्टर निर्मलेंदु बसक को युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से नवाजा गया।
- हरियाणा के माजरा गाँव (रेवाड़ी) में 22वें एम्स का शिलान्यास नरेंद्र मोदी ने 16 फरवरी 2024 को किया।
- हरियाणा बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रवीण जोशी बने हैं। ये फरीदाबाद से है।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 16 फरवरी 2024 को नगर पालिका शहरी निर्मित प्लान सुधार नीति 2023 पोर्टल का शुभारंभ किया।
- मनु भाकर ने ग्रेनाडा वर्ल्ड कप में 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता।
- हरियाणा ने राजस्थान के साथ हथिनीकुंड बैराज का पानी देने का समझौता किया।
- हरियाणा की 17 वर्षीय खिलाड़ी अनमोल ने पहली बार बैडमिंटन एशिया महिला चैंपियनशिप जीती।
- केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने डबवाली से पानीपत तक ग्रीन फील्ड कॉरिडोर को मंजूरी दी।
- हरियाणा में बुजुर्गों के लिए समर्थ वृद्ध सेवा आश्रम योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत सेवा आश्रम में उन्हें प्रतिदिन भोजन में 1700 कैलोरी और 50 ग्राम प्रोटीन दिया जाएगा।
- हरियाणा को 2027 तक पराली जलाने से मुक्त राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।
- बुल्गारिया में स्ट्रेंडजा मेमोरियल बॉक्सिंग टूर्नामेंट में अमित पंघाल और सचिन सिवाच ने स्वर्ण पदक जीता।
- हरियाणा के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय और भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कला को पीएम-उषा स्कीम के तहत 20-20 करोड़ रुपए की राशि दी गई है।
- हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के गांव नांगल सिरोही निवासी संजय यादव बिहार से राष्ट्रीय जनता दल की टिकट पर राज्यसभा के लिए निर्विरोध रूप से निर्वाचित हुए हैं।
- भारतीय चित्र साधना के तीन दिवसीय नेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन हरियाणा के पंचकूला में आयोजित किया गया।
- हरियाणा में चिरायु आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रत्येक नागरिक अब 5 लाख तक का फ्री इलाज करवा सकता है।
- हरियाणा के झज्जर जिले के गाँव देवरखाना में पहले केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान खोला गया है।
- भारत के प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरियाणा के 15 रेलवे स्टेशनों के कार्यक्रम का उद्घाटन किया है यह 15 रेलवे स्टेशन है–गुरुग्राम, फरीदाबाद न्यू टाउन, पलवल, बल्लबगढ़, महेंद्रगढ़, मंडी डबवाली, कालावाली, भट्टू, होडल, हांसी, गोहाना जंक्शन, लोहारू जंक्शन, कोसली, चरखी दादरी और मंडी आदमपुर।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने अनंत विजय द्वारा लिखित पुस्तक 'ओटीटी का मायाजाल' का विमोचन किया था।
- पांचवा अखिल भारतीय चित्र भारतीय फिल्म फेस्टिवल हरियाणा के पंचकूला में 23 से 25 फरवरी 2024 के बीच आयोजित हुआ।
- हरियाणा में अर्ली स्क्रीनिंग एंड डिटेक्शन ब्रेस्ट कैंसर प्रोग्राम का उद्घाटन गुरुग्राम में किया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री ने पशुपालकों की सुविधा के लिए 70 मोबाइल एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- फरवरी 2024 तक हरियाणा के 5805 गाँव में 24 घंटे बिजली दी जा रही है।
- 40वीं राज्य पशुधन प्रदर्शनी 2024 का आयोजन हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट पाली महेंद्रगढ़ में 24 से 26 फरवरी 2024 के बीच किया गया।
- चंडीगढ़ औद्योगिक और पर्यटन विकास निगम ने सुखना झील के पास एक पिज्जा एटीएम की शुरुआत की, जो 3 मिनट में गर्म पिज्जा तैयार करता है, जो उत्तर भारत में पहली बार है।
- हरियाणा के यमुनानगर जिले के गैंडा रामपुर गांव में अरण्य संघाराम बौद्ध मठ की आधारशिला रखी है।
- हरियाणा शव का सम्मानजनक निपटान विधेयक 2024 के तहत शव प्रदर्शन करने पर 5 वर्ष तक की सजा का प्रावधान किया गया है।
- गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी हिसार में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षक डॉ. सुमित सरोहा ने सौर विकिरण पूर्वानुमान यंत्र तैयार किया है, जिसे अब पेटेंट भी मिल गया है।
- हरियाणा सरकार ने फरवरी 2024 में झज्जर जिले को पांचवीं पुलिस कमिश्नरी बनाने की घोषणा की है। इससे पहले पुलिस कमिश्नरी फरीदाबाद, गुरुग्राम, सोनीपत और पंचकूला में है।
- हरित आवरण को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा में वन मित्र योजना शुरू की है।
- हरियाणा की पहली खेल यूनिवर्सिटी राई, सोनीपत का नया VC उत्तर प्रदेश कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी अशोक कुमार को नियुक्त किया गया है।

## मार्च 2024

- हरियाणा में एंटी करप्शन ब्यूरो के अन्तर्गत होगा एंटी टास्क फोर्स का गठन।
  - सभी जिलों में वर्ष 1992 से लेकर अब तक बनी सहकारी समितियों में अनियमितताओं की करेगी जांच।
- नागरिकों के हित के मद्देनजर हरियाणा सरकार ने संपत्ति कर दाताओं के लिए प्रॉपर्टी टैक्स के ब्याज व अन्य छूट की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 31 मार्च, 2024 कर दिया है। मार्च 2023 तक के प्रॉपर्टी टैक्स के ब्याज पर शत प्रतिशत छूट व बकाया मूल राशि पर 15 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। इसके अलावा वर्ष 2023-24 के प्रॉपर्टी टैक्स पर 15 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।
- हरियाणा सरकार ने वर्ष 2024-25 में 8 नए सरकारी पशु अस्पताल और 18 सरकारी पशु औषधालय खोलने का निर्णय लिया है। ये सुविधाएं उन जिलों में दी जाएंगी, जहाँ पशु चिकित्सा सेवाएं पशुधन आबादी के अनुपात में कम हैं।

- 'पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना' के तहत पाएं 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली।
- मुख्यमंत्री श्री मनोहरलाल खट्टर ने फरीदाबाद हॉफ मैराथन में पहुँचकर नशे के विरूद्ध युवाओं को जागरूक करने एवं स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के प्रति प्रोत्साहित किया और मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि अक्टूबर महीने के पहले रविवार को हर साल फरीदाबाद मैराथन का आयोजन होगा। इस अवसर पर भारत की स्टार बॉक्सर एमसी मैरीकॉम और विश्व प्रसिद्ध शूटर मनु भाकर ने भी कार्यक्रम का हिस्सा बनकर युवाओं का हौसला बढ़ाया।
- नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में भारतीय पुरातात्विक विभाग और हरियाणा सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। MoU के तहत हिसार के पास ऐतिहासिक स्थल अग्रोहा की पुरातात्विक खुदाई होगी। पहले चरण में GPR सर्वेक्षण और बाद में स्थल का उत्खनन किया जाएगा। इसके अलावा हरियाणा के सीएम ने घोषणा कि महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में 1 चेयर महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर स्थापित की जाएगी।
- फरीदाबाद हॉफ मैराथन में 'हरियाणा के गौरव' कार्यक्रम के आयोजन की घोषणा की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान युवाओं को प्रोत्साहित करना है। साथ हरियाणा के सीएम ने "स्वच्छ हरियाणा-स्वच्छ भारत" थीम को समर्पित इस हॉफ मैराथन के विजेताओं को पुरस्कृत किया तथा युवाओं को संबोधित कर सभी को स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने तथा फिट इंडिया मूवमेंट से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।
- हरियाणा देश में 14 फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर खरीदने वाला देश का पहला राज्य बना।
- मुख्यमंत्री श्री मनोहरलाल खट्टर की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (HPPC) तथा हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी (HPWPC) की बैठक हुई थी।
- हरियाणा की नमो ड्रोन दीदियाँ प्रदेश में कृषि को आधुनिक बनाने का माध्यम बन रही हैं, यह नारी शक्ति के प्रति भाजपा के समर्पण का प्रतीक है। तय किया है कि 5,000 महिलाओं को ड्रोन का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाएंगे तथा 'लखपति दीदी योजना' के तहत 3 लाख महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया जाएगा। करनाल में 'लखपति दीदी महासम्मेलन' में हरियाणा की कर्मठ बहन-बेटियों के साथ प्रधानमंत्री जी के विचारों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।
- हरियाणा की 6 लाख बहनें 55,000 सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं।
- 600 करोड़ के बजट वाली 'हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना' (HAPPY) भी लॉन्च की। 1 लाख से कम आय वाले प्रदेश के 22.89 लाख परिवारों के लोग हरियाणा रोडवेज की बस में मुफ्त यात्रा कर सकेंगे।
- नूंह जिले के नगीना स्थित राजकीय महाविद्यालय में शहीद राजा हसन खां मेवाती की 15 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण हरियाणा के सीएम ने किया।
- कुरुक्षेत्र में "संत शिरोमणि गुरु रविदास जी" के स्मारक का 16 मार्च को भूमि पूजन कर हरियाणा के सीएम ने प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।
- हिसार जिले में स्थित गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवम् प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित वैश्विक विश्वविद्यालय रैंकिंग 2023 में विश्व में 1045वाँ तथा भारत में 26वाँ स्थान मिला है।
- हरियाणा के कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सहयोग से श्रीलंका में 1 से 3 मार्च 2024 तक पांचवाँ अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव मनाया गया।
- हरियाणा में हिंदी आंदोलन 1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों को पेंशन अब 10000 से बढ़ाकर 15000 कर दी गई है।
- 18 से 29 फरवरी 2024 तक असम और उत्तर पूर्वी राज्यों में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने पहला स्थान हासिल किया, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी पंजाब दूसरे, गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर तीसरे स्थान पर रहा।
- हरियाणा हॉकी फेडरेशन द्वारा 35वीं स्टेट सीनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप 1 से 6 मार्च तक एस्टोटर्फ हॉकी ग्राउंड हिसार में करवाई गई जिसमें 20 जिले के खिलाड़ियों ने भाग लिया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री ने 7 मार्च 2024 को पंचकूला से हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना का शुभारंभ किया, जिसके तहत अंतोदय परिवारों को हरियाणा रोडवेज की बसों में 1 साल की अवधि में 1 हजार किलोमीटर तक मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।
- हिसार जिले में स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को मुलेठी (HM-1) का उपयोग करके सिल्वर नैनो कण बनाने की विधि पर भारतीय पेटेंट कार्यालय द्वारा पेटेंट प्रदान किया गया।
- हरियाणा में 5000 महिलाओं को ड्रोन पायलट बनाया जाएगा।
- जिंदल स्टील लिमिटेड हिसार को ऊर्जा संरक्षण में प्रथम स्थान मिला।
- डाक मतदान के लिए न्यूनतम आयु सीमा 80 वर्ष से बढ़ाकर 85 वर्ष कर दी गई है।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने 8 मार्च 2024 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पंचकूला की वंदना भारद्वाज को बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार 2024 के तहत एक लाख की राशि देकर सम्मानित किया।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने 8 मार्च 2024 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रेवाड़ी की नंदिनी को इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार 2024 के तहत 1.50 लाख की राशि देकर सम्मानित किया।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने 8 मार्च 2024 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कैथल की वंदना शर्मा को श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार 2024 के तहत 5 लाख की राशि देकर सम्मानित किया।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने 8 मार्च 2024 को वर्ष 2023 में बच्चों के पोषण में सुधार पर डीसी फरीदाबाद विक्रम को प्रथम, डीसी कैथल प्रशांत पवार को द्वितीय तथा डीसी पानीपत को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर क्रमशः 2 लाख, 1 लाख व 50 हजार की पुरस्कार राशि प्रदान की।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने 8 मार्च 2024 को वर्ष 2023 में लिंगानुपात में सराहनीय सुधार लाने पर जिला उपायुक्त पलवल नेहा सिंह को प्रथम पुरस्कार के तौर पर 5 लाख रुपए, जिला उपायुक्त फरीदाबाद विक्रम और जिला उपायुक्त रेवाड़ी राहुल हुड्डा को संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार के रूप में तीन लाख और डीसी कुरुक्षेत्र शांतनु शर्मा को तीसरे पुरस्कार के तौर पर 2 लाख की राशि प्रदान की।
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2024 को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने हिसार जिले के बरवाला निवासी सुमन सलूजा को हरियाणा सरकार की श्रेष्ठ महिला कर्मचारी अवार्ड से सम्मानित किया एवं 21000 की प्रोत्साहन राशि दी।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने प्रोफेसर दीप्ति धर्मानी को चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी की कुलपति नियुक्त किया।
- हरियाणा के नए मुख्य सचिव टीवीएनएस प्रसाद बने हैं।
- फिल्म अभिनेता राजकुमार राव को हरियाणा चुनाव आयोग ने 2024 के चुनाव का आइकन बनाया है।
- पंचकूला में सिने आर्ट्स एंड वर्कर वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा का गठन किया गया। इसका अध्यक्ष आरपी सिंह को और उपाध्यक्ष सुनील अरोड़ा को बनाया गया।
- पैरा ओलंपियन अमित सरोहा और पैरा ओलंपिक खेलों में गोल्ड मेडलिस्ट सुमित अंतिल को निर्वाचन आयोग ने यूथ आइकन बनाया है।
- हरियाणा के हिसार निवासी डॉक्टर नेहा छाबड़ा को अन्वेषण 2023-24 में इंटरनेशनल स्टूडेंट रिसर्च कन्वेंशन में प्रथम पुरस्कार मिला।
- भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 मार्च 2024 को गुरुग्राम से द्वारका एक्सप्रेसवे के 19 किलोमीटर लंबे हरियाणा खंड का उद्घाटन किया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मार्च 2024 को अहमदाबाद से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हरियाणा के फरीदाबाद और पलवल की सीमा से होकर गुजरने वाली वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रंट कॉरिडोर परियोजना जनता को समर्पित की।
- हरियाणा सरकार ने फतेहाबाद जिला भाजपा अध्यक्ष रहे वेद प्रकाश फुलां को हरको फैड का अध्यक्ष नियुक्त किया है।
- कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने 45 वर्ष से अधिक आयु के चार वैज्ञानिकों आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर एमेरिटस डॉक्टर भीम सिंह, IISC तिरुपति के निदेशक डॉक्टर शांतनु भट्टाचार्य, माइक्रोबायोलॉजी और सेल बायोलॉजी विभाग IISC बेंगलुरु के डॉक्टर वी नागराज और सेंटर फॉर एटमॉस्फेरिक और आसोनिक साइंस IISC बैंगलोर के डॉक्टर एस. के. सतीश को गोयल पुरस्कार 2024 के लिए चुना गया है।
- राजकीय कॉलेज हिसार के भूगोल विभाग के प्रोफेसर मनोज कुमार ने तंजानिया देश स्थित अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो (युहरू चोटी) पर तिरंगा फहराकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया।
- केंद्रीय इस्पात एवं नगर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड हिसार में स्थित स्टेनलेस स्टील सेक्टर में भारत के पहले ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का वर्चुअल उद्घाटन किया।
- गुरुग्राम जिले की एक मानसिक स्वास्थ्य प्रचारक मानसी गुप्ता को डायना मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। विश्व में यह अवार्ड 20 लोगों को मिला है।
- हरियाणा में मार्च 2024 तक कुल मतदाता 1982300 हैं।
- मार्च 2024 में हिसार जिले के गांव लाडवा के निवासी नरेश जांगड़ा को हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड का नया चेयरमैन नियुक्त किया है।
- मार्च 2024 में गुरुग्राम के दिनेश शर्मा को हरियाणा वेयरहाउसिंग कारपोरेशन का नया चेयरमैन नियुक्त किया है।
- हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर रविंद्र बलियाला और वाइस चेयरमैन विजेंद्र बडगूजर को बनाया गया है।
- हरियाणा सरकार ने यशपाल ठाकुर को हरियाणा केस कला एवं कौशल विकास बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया है।
- 70 वें पुरुष नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप 2024 का खिताब हरियाणा ने रेलवे की टीम को हराकर जीता है।
- 14 वीं सीनियर महिला नेशनल हॉकी चैंपियनशिप का खिताब हरियाणा ने महाराष्ट्र को हराकर जीता है।
- स्टील मैन के नाम से मशहूर भिवानी जिले के पहलवान विजेंद्र सिंह ने 29 मार्च 2024 को 70 किलोग्राम के युवक को दांतों से उठाकर 100 मीटर दौड़ लगाकर इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवाया है।
- राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2024 में हरियाणा के यतीन भास्कर दुग्गल ने फर्स्ट प्राइज, जबकि तमिलनाडु की वैष्णा पिचाई ने दूसरा और राजस्थान की कनिष्का शर्मा ने थर्ड प्राइज जीता है।


gkroom

## अप्रैल 2024

- हिसार जिले के हांसी निवासी आदित्य रानोलिया ने हरियाणा की पृष्ठभूमि से निकलकर पहले ऐसे डायरेक्टर प्रोड्यूसर और लेखक की उपलब्धि हासिल की है, जिसने बॉलीवुड हिंदी फिल्म बनाई है।आदित्य रानोलिया की फिल्म 'द लॉस्ट गर्ल' 5 अप्रैल 2024 को रिलीज हुई। यह फिल्म 1984 में अपने परिवार से बिछड़ गई एक लड़की की दुखदाई कहानी है।
- एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप 2024 में हरियाणवी पहलवान राधिका ने 68 किलो वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। एशियाई चैम्पियनशिप में राधिका का यह दूसरा पदक है। पिछले साल अंडर 23 एशियाई चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाली राधिका। 2022 सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में भी दूसरे स्थान पर रही थीं।
- हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने सोनीपत जिला के एचएसआईआईडीसी बड़ी पुलिस स्टेशन को राज्य में सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन के खिताब से नवाजा। शत्रुजीत कपूर ने फरीदाबाद के सूरजकुंड में आयोजित किए गए प्रथम राज्य स्तरीय पुलिस महानिरीक्षक-अधीक्षक सम्मेलन में डीजीपी उत्तम सेवा पदक के लिए चयनित किए गए चार पुलिसकर्मियों को मेडल, प्रशंसा पत्र तथा 50000 की नकद राशि भेंट कर सम्मानित किया।
- महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय (एमएचयू) करनाल को सर्वश्रेष्ठ बागवानी विश्वविद्यालय पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान हैदराबाद में एक कार्यक्रम में 'कृषि व्यापार शिखर सम्मेलन और पुरस्कार संस्था द्वारा इस विश्वविद्यालय को बागवानी में उल्लेखनीय प्रगति के लिए दिया गया है।
- मामन खान (सारंगी वादक), घराना-पानीपत, जन्म-01 जुलाई, 1945, मृत्यु-10 अप्रैल, 2024, फिल्म 'ट्रेन टू पाकिस्तान' में संगीत की धुन दी थी। भारतीए संगीत नाटक अकादमी की स्थापना 1954 में हुई।
- रोहतक जिले के अभिनेता रणदीप हुड्डा को बेस्ट फिल्म प्रोडक्शन के लिए मास्टर दीनानाथ पुरस्कार (विशेष) 2024 से सम्मानित किया गया है।
- झज्जर के निमाना गांव की शूटर 18 वर्षीय पलक गुलिया ने ब्राजील के रियो डी जनेरियो में ISSF फाइनल ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में भारत के लिए 20वां पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक भी जीता।
- हरियाणा की एकता रानी ने खेलो इंडिया एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में सक्षम खिलाडियों के बीच स्वर्ण पदक जीता।
- लोकसभा चुनाव 2024 में सिरसा जिले की 117 वर्षीय बलबीर कौर सबसे ज्यादा उम्र की मतदाता हैं, सोनीपत की भगवानी 116, बलबीर कौर पानीपत के लक्खीशेक 115, रोहतक की चंद्री कौर 112 वर्ष की हैं। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल है।
- एशियन कुश्ती चैंपियनशिप 2024 में देश को मिले नौ पदकों में से आठ पदक हरियाणा के पहलवानों ने जीते हैं।
- आईआईटी मद्रास के सहयोग से हरियाणा में 2030 तक सड़क हादसों में होने वाली मौतें 50 फीसदी तक कम की जाएगी। केंद्र सरकार के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोड सेफ्टी के साथ सड़क सुरक्षा में सर्वोत्तम सिस्टम विकसित करने और डेटा ड्रिवन इंटरवेंशंस कर जनता के मार्गदर्शन के लिए विशेष परियोजना शुरू की जाएगी।
- झज्जर जिले के भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल पहले दौर में इटली के माटेओ अर्नाल्डी को हरा मॉन्टे कार्लो मास्टर्स मेन ड्रॉ में जीत हासिल करने वाले पहले भारतीय बने हैं–95वीं रैंकिंग वाले नागल विजय अमृतराज और रमेश कृष्णन के बाद मॉन्टे कार्लो में मुख्य ड्रॉ में शामिल होने वाले केवल तीसरे भारतीय हैं।
- हरियाणा सरकार जिला सैनिक बोर्ड की तर्ज पर पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों के लिए भी उनकी समस्याओं का समाधान व सुविधाएं प्रदान करने के लिए 8 जिलों (हिसार, फतेहाबाद, पलवल, महेंद्रगढ़, नूंह, झज्जर, जींद और रेवाड़ी) में सैनिक सदन की शुरुआत करेगी। सदन में पैरामिलिट्री जवानों का विश्रामगृह, सैनिक बोर्ड कार्यालय, इसीएचएस क्लीनिक, कैंटीन आदि होगा। ऐसी सुविधा देने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य होगा।
- करनाल के गांव कैमला निवासी बलराज पंवार ने रोइंग में भारत के लिए पहला ओलंपिक कोटा हासिल किया है।
- ग्लोबल कार्बन बजट रिपोर्ट 2022 के अनुसार हरियाणा में हर साल करीब 7.57 करोड़ टन कार्बन डाईऑक्साइड निकल रहा है यह पूरे भारत का 2.56 प्रतिशत है।
- अंडर-23 विश्व चैंपियन रोहतक निवासी पहलवान रीतिका हुड्डा ने 76 किलोग्राम भार वर्ग में देश को पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा दिलाया।
- हरियाणवी संस्कृति की अमिट छाप छोड़ने वाले जींद जिले के प्रसिद्ध लोक कलाकार महावीर गुड्डू को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया। इनको बम लहरी भी बोला जाता है।
- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने 'वोटर्स-इन-क्यू' (ईक्यूएमएस हरियाणा) नाम से एक एप लांच किया है।
- ग्राम एसोसिएशन ऑफ भारत का शेरपा जींद के बीबीपुर गांव के पूर्व सरपंच और पंचायती राज अधिकारों को लेकर सक्रिय सुनील जागलान को बनाया गया है।
- हरियाणा में 67 नए मॉडल संस्कृति स्कूल बनाए जाएंगे। इन गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को अब गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल बनाया गया है। अब तक इनकी संख्या 139 थी, अब बढ़कर 206 हो जाएगी।
- गुरुग्राम जिले में मानेसर के निकट बाघनकी गांव में निर्माण के लिए खुदाई के दौरान करीब 400 साल पुरानी धातु की 3 मूर्तियां मिली हैं। खुदाई में भगवान विष्णु, देवी लक्ष्मी की एक-एक मूर्ति और देवी लक्ष्मी व भगवान विष्णु की एक संयुक्त मूर्ति मिली है।
- आईएएस ऑफिसर पार्थ गुप्ता अभी फरीदाबाद में मेट्रोपॉलिटन अथॉरिटी में एडिशनल चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर की जिम्मेदारी देख रहे हैं। अब सरकार ने उन्हें फरीदाबाद स्टार्ट सिटी के CEO की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी है। एचसीएस राधिका सिंह को अपनी वर्तमान जिम्मेदारी के अलावा अब मुख्यमंत्री का ओएसडी प्रथम बनाया गया है।
- फरीदाबाद द्वारा 5 लाख पौधे लगाकर इस पहल का नेतृत्व किया जाएगा, उसके बाद महेंद्रगढ़ द्वारा 4.9 लाख पौधे लगाए जाएंगे। पलवल और गुरुग्राम द्वारा क्रमश: 3.7 लाख तथा 3.4 लाख पौधे लगाए जाएंगे, जबकि नूंह एवं रेवाड़ी प्रत्येक में 3.3 लाख पौधे लगाने की योजना बनाई जा रही है। वार्षिक बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण प्रयासों के बावजूद गुरुग्राम के शहरी क्षेत्र में वन क्षेत्र 1% से भी कम है। वर्ष 2024 का व्यापक वृक्षारोपण अभियान हरित आवरण को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। वृक्षारोपण अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिये वन विभाग स्थानीय समुदायों को शामिल करने और पेड़ों के महत्त्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने की योजना बना रहा है। नव स्थापित हरित क्षेत्रों के संरक्षण और सुरक्षा के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये रोपण पहल को संभवत: शैक्षिक पहल के साथ जोड़ा जाएगा। इस परियोजना का लक्ष्य गुरुग्राम की वायु गुणवत्ता में सुधार करना है जो स्विस कंपनी IiQAir के अनुसार सबसे प्रदूषित शहरों में से एक है। इस फर्म की रिपोर्ट के अनुसार, शहर में PM 2.5 की सांद्रता 2020 की तुलना में वर्ष 2021 में 11% बढ़ गई।
- हाल ही में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (HSNCB) ने 'चक्रव्यूह: द एस्केप रूम' नामक एक अग्रणी परियोजना शुरू की है, जिसका उद्देश्य किशोरों को मादक पदार्थों की लत से दूर रखना है।

27 नवंबर, 2023 को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 42वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये स्वच्छ मंडप (राज्य) श्रेणी में हरियाणा को रजत पदक से अलंकृत किया गया है। हरियाणा को यह पुरस्कार पहली बार मिला है।

## मई 2024

- हरियाणा के यमुनानगर के टोपरा कलां में देश का पहला जी-20 स्मारक बनाया जाएगा। जिसका 3 डी डिजाइन भी बनकर तैयार हो चुका है। ऐसे में जल्द ही इतिहास के पन्नों में एक बार फिर इस गांव का नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो जाएगा, जबकि इससे पहले इसी गांव में देश का सबसे बड़ा अशोक चक्र स्थापित होने का रिकॉर्ड लिम्का बुक में दर्ज है
- हरियाणा में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने की जिम्मेदारी इंडियन टीम के क्रिकेटर युजवेंद्र चहल को मिली है। गुरुग्राम जिला का चुनाव आइकन आयोग ने गायक मनोज कुमार (मन्नु MD) को बनाया है।
- झज्जर का चुनाव आइकन एशियन खेलों की स्वर्ण पदक विजेता शूटर पलक को बनाया गया है।
- फरीदाबाद जिले का चुनाव आइकन निशानेबाज आदर्श सिंह को बनाया गया है।
- पानीपत जिला का चुनाव आइकन पैरा पावर लिफ्टर सुमन देवी को और नेशनल स्कूल खेलों में राज्य की तीन की खिलाड़ी याशिका को बनाया गया है।
- अंबाला जिले का चुनाव आइकन शूटर सरबजोत सिंह को बनाया गया है।
- सोनीपत जिले का चुनाव आइकन रेसलर सोनम को बनाया गया है।
- कुरुक्षेत्र जिले का चुनाव आइकन हॉकी खिलाड़ी सुरेंद्र सिंह को बनाया गया है।
- फतेहाबाद का चुनाव आइकन राष्ट्रीय युवा महोत्सव में गायकी में प्रथम आने वाली मुस्कान को बनाया गया है।
- ग्लोबल लाइफस्टाइल ब्रांड स्विस मिलिट्री ने घोषणा की है कि वह 56.5 करोड़ रुपए के शुरुआती निवेश के साथ हरियाणा में अपनी पहली पूर्ण स्वामित्व वाली विनिर्माण इकाई फरीदाबाद में स्थापित करेगी।
- MET सिटी, झज्जर में नया संयंत्र, स्वीडन के बाहर साब का पहला संयंत्र बन गया है और लगभग 100 लोगों को रोजगार देने के लिए तैयार है। साब एक स्वीडिश एयरोस्पेस और रक्षा कंपनी है।
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) हरियाणा की विभिन्न जेलों में बंद कैदियों को उच्च शिक्षा से जोड़कर उसमें शिक्षा की अलख जगाने का काम कर रही है। जो कैदी 12वीं कक्षा पास कर चुके हैं और उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, उनके लिए जेलों में इग्नू द्वारा अध्ययन केंद्र स्थापित किए गए हैं। अगर कोई बंदी जो स्नातक या किसी अन्य उच्च पाठ्यक्रम का अध्ययन कर रहा है तो जेल में उसके कार्यकाल के दौरान उसकी पढ़ाई और परीक्षा की व्यवस्था इग्नू द्वारा निशुल्क की जाती है।
- केनरा HSBC लाइफ इंश्योरेंस केनरा बैंक (51%) और HSBC इंश्योरेंस (एशिया पैसिफिक) होल्डिंग्स लिमिटेड (26%) द्वारा प्रवर्तित एक संयुक्त उद्यम है। पंजाब नेशनल बैंक (PNB) में भी निवेशक के तौर पर 23% हिस्सेदारी है। इसका मुख्यालय गुरुग्राम में है।
- महम हांसी रेल लाइन पर OHE तारें बिछाने का काम पूरा हुआ।

- लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने एक बैठक के दौरान कहा कि अम्बाला छावनी में बनाए जा रहे आजादी की पहली लड़ाई के शहीदी स्मारक का कार्य 15 अगस्त तक सम्पूर्ण किये जाने का लक्ष्य है। बैठक में Dipr Haryana के महानिदेशक श्री मनदीप सिंह बराड़ भी मौजूद रहे।
- मतदाता हेल्पलाइन नम्बर 1950.
- सक्षम ECI ऐप दिव्यांग मतदाताओं को एक क्लिक से मिलेंगी विभिन्न सुविधाएं हर नागरिक की जिम्मेदारी लोकतंत्र के पर्व में हो सबकी भागीदारी।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि चुनाव ड्यूटी के दौरान पोलिंग सुरक्षा कर्मियों के परिवारजन को एक्सग्रेशिया के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। ड्यूटी के दौरान हिंसक घटनाओं या गोलीबारी इत्यादि के कारण मृत्यु हो जाने पर परिवारजन को 30 लाख दिये जाएंगे। इसी प्रकार, ड्यूटी पर किसी अन्य कारणों से मृत्यु हो जाने पर 15 लाख, असामाजिक तत्वों के हमले के कारण कर्मचारी के स्थायी दिव्यांग होने पर परिवारजन को 15 लाख तथा शरीर के किसी अंग या आंखों की दृष्टि जाने की स्थिति में 7.5 लाख की वित्तीय सहायता परिवारजनों को प्रदान की जाएगी।
- श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि प्रचार सामग्री के माध्यम से आम जनता से 'छुट्टी का दिन समझकर घर पर आराम न फरमाइए-मतदान केंद्र पर मतदान करने आइए', 'लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर-उंगली पर नीली लकीर' जैसे जागरूकता स्लोगन व टैगलाइन से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की जा रही है।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान जाति, धर्म, समुदाय के आधार पर मतदाताओं की भावनाओं को प्रभावित नहीं किया जाएगा। इस दौरान किसी मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा या अन्य धार्मिक स्थल का चुनाव प्रचार के लिए प्रयोग नहीं किया जा सकेगा।
- भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में निर्देशन में मीडिया मॉनिटरिंग एवं सर्टिफिकेशन कमेटी का गठन किया गया है।
- श्री अनुराग अग्रवाल आज अधिकारियों के साथ चुनाव प्रबंधों को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश के 2 करोड़ 76 हजार 441 मतदाताओं से अपील की है कि 25 मई को लोकतंत्र का त्यौहार मनाएं और वोट अवश्य करें।
- मतदाताओं को क्यू मैनेजमेंट एप से भी बीएलओ जानकारी देगा कि मतदान के लिए कितने लोग लाइन में हैं, ताकि एक समय में बहुत अधिक भीड़ मतदान केंद्र पर न हो और मतदाता को अपना वोट डालने के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े।
- सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार केबल टीवी नेटवर्कस विनियामक अधिनियम 1995 के प्रावधानों का उल्लंघन होता है तो उल्लंघनकर्ता के विरुद्ध आदेश पारित किए जाएंगे यहां तक कि उसके उपकरणों को जब्त किया जा सकता।
- भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव -2024 लड़ने वाले उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के लिए चुनाव के दौरान क्या करना है और क्या नहीं (डूज एंड डॉन्ट) के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों का चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने तक अनुपालन किया जाना आवश्यक है।
- किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। मतदाता के पास पुराना वोटर कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है बशर्ते उसका नाम मतदाता सूची में होना चाहिए।
- सक्षम एप गूगल प्ले स्टोर से अपने मोबाइल पर डाउनलोड करें। एप खुलते ही वोटर रजिस्ट्रेशन, पोलिंग बूथ पर सुविधाएं, वोटर कार्ड से संबंधित जानकारी और सूचना एवं शिकायत का ऑप्शन आएगा। इसके उपरांत अन्य सुविधाओं के लिए ऐप का उपयोग किया जा सकता है।
- बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन भिवानी का अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव हैं।
- श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि जिला स्तर के साथ-साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी स्तर पर सभी 20031 मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग द्वारा निगरानी की जाएगी।
- जिला में आज से शुरू हुई 85 वर्ष से अधिक आयु व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले वोटर्स की होम वोटिंग प्रक्रिया।
- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में सर्विस वोटर की संख्या 1 लाख 11 हजार 58 है।
- अपने दादा/दादी/माता/पिता सगे संबंधियों के साथ वोट डालने के बाद स्याही लगी उंगली के साथ सेल्फी अपलोड करें और जिला स्तर पर इनाम पाएं। प्रथम इनाम 10000 रुपए, द्वितीय इनाम 5000 रुपए, तृतीय इनाम 2500 रुपए। जिला स्तर पर सबसे अधिक सेल्फी अपलोड करवाने वाले स्कूल को 25 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।
- हरियाणा पुलिस द्वारा 19 मई को प्रदेश में बदमाशों, आपराधिक तत्वों व नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए ऑपरेशन आक्रमण-10 चलाया गया। इसके अंतर्गत प्रदेशभर में 5543 पुलिसकर्मियों की 1199 टीमों द्वारा एक साथ रेड की गई।
- फैक्ट्री अधिनियम, 1948 की धारा 65 की उपधारा (2) के तहत हरियाणा राज्य में स्थित फैक्ट्रियों में कार्यरत श्रमिकों, जो हरियाणा के पंजीकृत मतदाता हैं, उनके लिए भी 25 मई को मतदान हेतु अवकाश रहेगा। इस संबंध में हरियाणा श्रम विभाग द्वारा अधिसूचना जारी की गई है।
- 99 मतदान केंद्र ऐसे हैं जो पूरी तरह से महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित होंगे। इसके अलावा, 96 मतदान केंद्र यूथ कर्मचारी तथा 71 मतदान केंद्र पर दिव्यांग कर्मचारी ड्यूटी पर रहेंगे।
- प्रदेश में कुल 20,031 मतदान केंद्र बनाये गए हैं। इनमें 19,812 स्थाई तथा 219 अस्थाई मतदान केंद्र शामिल हैं। शहरी क्षेत्रों में 5,470 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 14,342 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वहीं 176 आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।
- हरियाणा में शनिवार को मतदान होने के बाद ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को सुरक्षित रखने के लिए कुल 91 स्ट्रॉन्ग रूम बनाए गए हैं। इनमें 10 लोकसभा क्षेत्रों के लिए 90 स्ट्रॉन्ग रूम और एक स्ट्रॉन्ग रूम करनाल विधानसभा के लिए बनाया गया है।
- पशुपालन विभाग के महानिदेशक डॉ एल. सी. रंगा ने बताया कि सभी उपनिदेशकों को अपने जिले की पशु संस्थाओं में आवश्यक दवाइयों का स्टॉक रखने के निर्देश दिए हैं, जिसके लिए उन्हें आवश्यक बजट जारी किया गया है। पशुओं को मुंह खुर व गलघोटू आदि रोगों से बचाव के लिए टीकाकरण समय पर पूरा कर लिया है।
- हरियाणा में लोकसभा आम चुनाव-2024 में एक नया रिकॉर्ड बन गया है। 20 साल बाद यह पहली बार है कि राज्य में कहीं कोई री-पोल नहीं हुआ है। राज्य में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से मतदान हुआ है और भारत निर्वाचन आयोग ने भी इसकी सराहना की है।
- हरियाणा के लाडले बेटे करनाल निवासी निशांत देव (71 किग्रा) मुक्केबाजी ओलंपिक क्वालिफायर के सेमीफाइनल में पहुंचकर पेरिस खेलों के लिए कोटा हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष मुक्केबाज बन गए।
- दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट और दुनिया की सबसे चौथी ऊंची चोटी माउंट ल्होत्से को मात्र 20.5 घंटे में फतह करके नेशनल रिकॉर्ड बनाने वाली हिमपुत्री के नाम से विख्यात प्रदेश की होनहार बेटी जिला हिसार के धर्मनगरी गांव बालक की रहने वाली पर्वतारोही रीना भट्टी।
- हरियाणा के बादशाहपुर से निर्दलीय विधायक राकेश दौलताबाद का आकस्मिक निधन।
- बाबा जयरामदास की तपोभूमि गांव पाली।
- गीता मनीषी श्री स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज हैं।
- जैवलिन थ्रोअर हरियाणा के नीरज चोपड़ा ने फेडरेशन कप में गोल्ड मेडल जीता।
- गौकर्ण पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी जी महाराज के रोहतक स्थित आश्रम जाकर संत जनों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## जून 2024

- चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार ने एकीकृत धान थ्रेसर मशीन को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय से पेटेंट मिला है।
- जिंदल स्टेनलेस कंपनी हिसार को ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल से पांचवीं बार अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार मिला है।
- मुख्यमंत्री दूध उपहार योजना में बीपीएल परिवार की लाभार्थी महिला को प्रतिदिन 200 मिलीलीटर दूध दिया जाता है।
- टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय हिसार को एशियाई विश्वविद्यालय रैंकिंग 2024 में 71वां स्थान मिला है।
- जींद जिले के जवान निवासी डॉक्टर मंजू तोमर को हॉवर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ लंदन में नाम दर्ज हुआ है। उन्होंने दुनिया में सबसे अधिक स्वतंत्रता सेनानियों के ऊपर लिखी गई पुस्तक में अपना लेख भेज कर विश्व रिकॉर्ड बनाया है।
- सोनीपत जिले के खरखौदा में मारुति सुजुकी का तीसरा प्लांट हरियाणा में लगने जा रहा है। इससे पहले मारुति के दो प्लांट मानेसर और गुरुग्राम में है।
- हरियाणा के रेवाड़ी जिले में विरासत टैग वाले पेड़ों की संख्या सर्वाधिक है। हरियाणा में यमुनानगर में सबसे अधिक और फरीदाबाद में सबसे कम पेड़ वनों के बाहर रिकॉर्ड किए गए हैं। हरियाणा में पहली बार जंगल के बाहर पेड़ों की गणना की है, जिसमें वन क्षेत्र से बाहर 4 करोड़ 11 लाख 97 हजार से ज्यादा वृक्ष मिले हैं।
- हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल बनी है।
- 7 जून 2024 को हरियाणा के मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में करनाल जिले से हैप्पी योजना के कार्ड वितरित किए। हैप्पी योजना के अंतर्गत जिन परिवारों की आय 100000 वार्षिक है उन्हें हरियाणा परिवहन की बसों में 1000 किलोमीटर सालाना फ्री यात्रा की सुविधा दी जाएगी।
- हरियाणा में गर्भवती व स्तनपान करने वाली महिलाओं के लिए हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना शुरू की गई है।
- भारत देश का पहला स्टाईरीन प्लांट हरियाणा के पानीपत जिले में लगेगा।
- केंद्र सरकार में राव इंद्रजीत सिंह को योजना मंत्रालय और सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय मिला है।
- केंद्र सरकार में कृष्णपाल गुर्जर को सहकारिता मंत्रालय मिला है।
- केंद्र सरकार में मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा और शहरी विकास मंत्रालय मिला है।
- भिवानी जिले के शिवानी उपमंडल के गांव बड़वा निवासी युवा लेखक डॉक्टर सत्यवान सौरव के दोहों को देश के सर्वश्रेष्ठ 64 दोहाकारों में चयन हुआ है।
- हरियाणा सरकार ने सरकारी विभागों से संबंधित आम जनता की समस्याएं दूर करने के लिए समाधान प्रकोष्ठ का गठन

किया है।

- हरियाणा पुलिस ने साइबर अपराध में संलिप्त मोबाइल नंबरों को ब्लॉक करने में देश भर में प्रथम स्थान हासिल किए हैं।
- एटीपी चैलेंजर टेनिस खिताब झज्जर निवासी सुमित नंगल ने जीता है।
- हैदराबाद में आयोजित नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चरखी दादरी निवासी रामकिशन शर्मा ने 6 स्वर्ण पदक जीते हैं।
- नीरज चोपड़ा ने पावो नूर्मी गेम्स में स्वर्ण पदक जीता।
- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड को स्कॉच अवार्ड से सम्मानित किया है।
- हरियाणा सरकार ने खिलाड़ियों को हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन की नौकरियों में तीन प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया है।
- हरियाणा सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए हरियाणा में 976 खेल नर्सरियों की मंजूरी प्रदान की है।
- हरियाणा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हिसार जिले में किया गया।
- हरियाणा सरकार ने कुरुक्षेत्र जिले में 20 एकड़ में अंतरराष्ट्रीय ध्यान केंद्र बनाने की योजना है।
- हरियाणा सरकार ने गोहाना में 626वाँ संत कबीर दास का प्रकाश पर्व मनाया।
- हरियाणा में 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया गया।
- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड दसवीं की परीक्षा साल में दो बार करवाएगा।
- हरियाणा सरकार ने शहीदों की अनुग्रह राशि को 50 लाख से बढ़कर एक करोड़ रुपए कर दिए गए हैं।
- हरियाणा सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों व उनके आश्रितों को दी जाने वाले पेंशन को 20000 से बढ़ाकर 40000 कर दिया गया है।
- हरियाणा सरकार ने आपातकाल सत्याग्रहों की पेंशन को 10000 से बढ़ाकर 20000 प्रतिमाह कर दिया गया है।
- डॉ. ओमप्रकाश कादयान द्वारा प्रकाशित कहानी संग्रह 'सर्दी की एक रात' का विमोचन किया है।
- उत्तरी अमेरिका के अलास्का की सबसे ऊंची चोटी डैनाली पर चढ़ने वाले पहले युवा भारतीय नरेंद्र यादव बन गए हैं।
- शेफाली वर्मा ने महिला टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक लगाया है।
- भारतीय ट्रैक फील्ड एथलीट पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए महिलाओं की 400 मीटर दौड़ स्पर्धा के लिए किरण पहल ने क्वालीफाई किया है।

## जुलाई 2024

- देश का सबसे बड़े निजी अस्पताल का उद्घाटन नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के फरीदाबाद जिले में किया है।
- भारतीय न्याय संहिता 1 जुलाई 2024 से लागू हो गई है।
- तीनों नए कानून के तहत हरियाणा में पहला केस सोनीपत जिले में लूट का दर्ज किया गया।
- हरियाणा ने 11वीं राष्ट्रीय सीनियर पुरुष रग्बी प्रतियोगिता जीती है।
- हरियाणा के पंचकूला जिले में इंग्लैंड के सहयोग से 115 करोड़ रुपए की लागत से फल एवम् सब्जियों के लिए उत्कृष्टता केंद्र बनेगा।
- अंबाला में बेस्ट मदर अवार्ड से 444 महिलाओं को सम्मानित किया गया।
- हिसार जिले के प्रोफेसर मनोज कुमार ने यूरोप महाद्वीप के सबसे ऊंचे पर्वत एलनुस को फतह किया है।
- सिरसा जिले के डिंग मंडी निवासी नायक भीम सिंह को राष्ट्रपति ने शौर्य चक्र पुरस्कार से सम्मानित किया है।
- दूसरे हॉकी इंडिया नॉर्थ जोन चैंपियनशिप में हरियाणा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है, पहला स्थान उत्तर प्रदेश को मिला है।
- हरियाणा के नए मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल बने हैं।
- पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के नए चीफ जस्टिस सील नागू बने हैं।
- केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने हरियाणा के नारनौल में स्काई डाइविंग की है।
- हरियाणा में अब सरपंच बिना ई टेंडर के ₹ 21 लाख रुपए तक के काम करा सकेंगे।
- हरियाणा सरकार ने सरपंचों की पेंशन हजार रुपए से बढ़कर 1500 कर दी है।
- हरियाणा सरकार ने प्रदेश में वर्ष 2024 में एक करोड़ 60 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने 13 जुलाई, 2024 को करनाल में 75वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव का शुभारंभ किया।
- पंचकूला के पिंजौर में 12 से 14 जुलाई तक तीन दिवसीय 31वें आम मेले का आयोजन किया गया।
- बेटियों को आत्म सुरक्षा के लिए प्रशिक्षित करने हेतु देश का पहला सेल्फ डिफेंस केंद्र अंबाला में खोला जाएगा।
- झज्जर जिले के झांसवा गांव निवासी 14 साल के कार्तिक ने धन दूत नामक ऐप बनाया है।
- हरियाणा राज्य जीएसटी इकट्ठा करने में देश भर में दूसरे स्थान पर रहा है।
- हरियाणा सरकार ने ओबीसी के लिए क्रीमी लेयर को 6 लाख से बढ़कर 8 लाख कर दिया है।
- हरियाणा का प्रथम पीएम दिव्याशा केंद्र महेंद्रगढ़ जिले में खोला गया है।
- हरियाणा को सर्वश्रेष्ठ पशुपालन राज्य का पुरस्कार दिया गया।
- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने नई दिल्ली स्थित महाराष्ट्र सदन में हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर द्वारा लिखित पुस्तक वायर्ड फॉर सक्सेस का लोकार्पण किया।
- हरियाणा के रोहतक जू में शेरनी सुधा ने पहली बार दो शावकों को जन्म दिया है।
- हरियाणा में सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए पालीक्लिनिक की तर्ज पर रेवाड़ी, रोहतक और महेंद्रगढ़ में तीन नए अस्पताल खोले जाएंगे।
- हिसार जिले के मंगाली गांव की भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी नेहा को 2023-24 के लिए AIFF परफॉर्मिंग वुमेन प्लेयर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया।
- हरियाणा के हिसार जिले के निवासी पूर्व मंत्री चौधरी जसवंत सिंह का हाल ही में निधन हो गया।
- हरियाणा के हिसार जिले में राज्य स्तरीय महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती का आयोजन किया गया।
- जूनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में हिसार जिले के पहलवान रोहित नेहरा ने कांस्य पदक जीता।
- जूनियर एशियाई कुश्ती 2024 में हिसार जिले की ज्योति ने स्वर्ण पदक जीता।
- हिसार जिले में स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड नैव ने ए प्लस ग्रेड दिया है।
- हरियाणा सरकार ने हिसार जिले के राजकीय महाविद्यालय का नाम गुरु गोरखनाथ के नाम पर करने का फैसला किया है।
- शूटर मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक 2024 में 10 मीटर और पिस्टल इवेंट में कांस्य पदक जीता है।
- हरियाणा के रोहतक जिले की कंपनी मिधानी में सेना के 118 अर्जुन टैंकों के लिए कंचन कवच बनाया जाएगा।
- हरियाणा में एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड ने गुरुग्राम तथा फरीदाबाद निगम के साथ वेस्ट टू चारकोल के दो प्लांट के लिए एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।
- पेरिस ओलंपिक 2024 में टीम इवेंट में मनु भाकर और सर्वजोत सिंह की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता है।

## अगस्त 2024

- किर्गिस्तान की सबसे ऊंची चोटी माउंट लेनिन को फतह करने वाली हिसार जिले की रीना भट्टी पहली महिला हरियाणवी पर्वतारोही बनी है।
- चरखी दादरी निवासी प्रीती सुदन को यूपीएससी की नई अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- हरियाणा में प्रति गाय प्रतिदिन सभी गौशालाओं को चारे के लिए अनुदान राशि को 10 रूपए से बढ़ाकर 20 कर दिया गया है।
- जल शक्ति अभियान में हरियाणा को देश में दूसरा स्थान मिला है।
- हरियाणा के हिसार और करनाल जिलों को वाटर प्लस श्रेष्ठ रैंकिंग मिली है।
- हरियाणा के जिलों रोहतक और गोहाना को ओडीएफ डबल प्लस के लिए सम्मानित किया गया है।
- उड़ीसा राज्य के बाद हरियाणा देश का दूसरा ऐसा प्रांत है जिसने बिजली सुधारो के क्षेत्र में अग्रणी कार्य किया है।
- पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीता है। कांस्य पदक पदक विजेता पुरुष हॉकी टीम में हरियाणा के तीन खिलाड़ियों ने भाग लिया है, जिनके नाम है–सुमित कुमार, संजय कुमार और अभिषेक।
- नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता है।
- हरियाणा के झज्जर जिले में हरियाणा का पहला फ्लावर एक्सीलेंस सेंटर स्थापित किया गया है।
- पेरिस ओलंपिक में झज्जर जिले के अमन सेहरावत ने 57 किलोग्राम बार वर्ग में कांस्य पदक जीता है।
- पेरिस ओलंपिक 2024 में हरियाणा की पहलवान विनेश फोगाट को 100 ग्राम ज्यादा वजन के कारण डिसक्वालीफाई कर दिया गया है।
- हरियाणा में अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2024 का आयोजन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 7 से 11 अगस्त के बीच किया गया। यह फिल्म महोत्सव सातवां हरियाणा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव था।
- अमित शाह ने चंडीगढ़ में तीन नए अपराधी कानून के लिए ई-साक्ष्य, न्याय सेतु, न्याय श्रुति और ई समन ऐप का लोकार्पण किया।
- हरियाणा के जींद जिले में हरियाली तीज के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री ने पंचकूला जिले में विश्व स्तरीय शूटिंग रेंज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और स्टेट इंस्टिट्यूट इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का शिलान्यास किया।
- अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती मेला प्राधिकरण का उपाध्यक्ष स्वामी ज्ञानानंद महाराज को बनाया गया।
- जिंदल स्टील लिमिटेड हिसार में तैयार की गई स्टील शीट में प्लेट का इस्तेमाल ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल में किया जाएगा।
- हरियाणा में पोस्ट ग्रेजुएट का बेरोजगारी भत्ता बढ़ाकर 3500 कर दिया गया है।
- हरियाणा में हर घर ग्रहणी योजना के तहत अंतोदय परिवारों को 500 में घरेलू गैस सिलेंडर मिलेगा।
- हरियाणा के स्कूलों में अब गुड मॉर्निंग की जगह जय हिंद बोला जाएगा।
- वैश्विक महिला कबड्डी लीग 2024 की मेजबानी हरियाणा को

मिली है।
- गणेश जी की दूसरी सबसे बड़ी प्रतिमा हरियाणा के बहादुरगढ़ में लगी है।
- डाक विभाग ने छठीं से नौवीं कक्षा तक के बच्चों को पुरस्कृत करने के लिए दीनदयाल स्पर्श योजना शुरू की गई है।
- हरियाणा में 11 से 15 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया।
- हरियाणा के 13 पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक एवं पुलिस पदक 2024 से सम्मानित किया गया।
- 78वें स्वतंत्रता दिवस पर हरियाणा के राज्यपाल ने यमुनानगर में ध्वजारोहण किया।
- 78वें स्वतंत्रता दिवस पर हरियाणा के मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र में ध्वजारोहण किया।
- हिसार मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी को अब हिसार अग्रोहा मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी के रूप में जाना जाएगा।
- हरियाणा के रेवाड़ी जिले के जीवन हितेषी ने यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस को फतह किया है।
- पेरिस पैरालंपिक की ओपनिंग में भारत के फ्लैग बियरर सुमित अंतिल और भाग्यश्री जाधव को चुने गए हैं।
- फरीदाबाद के वाईएमसीए विश्वविद्यालय में पांचवें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने शिरकत की।
- लुसाने डायमंड लीग 2024 में नीरज चोपड़ा ने रजत पदक जीता।
- पेरिस पैरालंपिक 2024 में हरियाणा के 23 खिलाड़ी चुने गए।
- लगातार चार बार पैरालंपिक खेलों में हिस्सा लेने वाले पहले एथलीट अमित सरोहा बने हैं।
- प्रसव के जोखिम वाले केस खोजने के लिए हरियाणा के पानीपत जिले को पायलट प्रोजेक्ट के लिए चुना गया है।
- राष्ट्रीय ई पुस्तकालय ऐप को सीबीएसई ने लांच किया है।
- ग्वालियर में शूटर मनु भाकर के नाम से शूटिंग रेंज खोली गई है।
- हरियाणा में 27 अगस्त 2024 को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के अनुसार हरियाणा में 20224958 वोटर हैं।
- कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में आई किरण चौधरी हरियाणा से निर्विरोध राज्यसभा सांसद चुनी गई है।
- ब्रिटेन की साउथहैंपटन यूनिवर्सिटी की ब्रांच कैंपस हरियाणा के गुरुग्राम जिले में खुलेगी।
- पेरिस का पैरालंपिक 2024 में मनीष नरवाल ने रजत पदक जीता।
- महेंद्रगढ़ जिले के अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने एस्टोनिया के तालीन में आयोजित आयरन मैन चौलेंज पूरा कर इतिहास रच दिया है।
- फतेहाबाद का परमाणु ऊर्जा संयंत्र 2028 तक शुरू होने की उम्मीद है।
- पेरिस ओलंपिक में हरियाणा के 24 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

## सितम्बर 2024

- जर्मनी में आयोजित दूसरी विश्व बधिर शूटिंग चैंपियनशिप में फरीदाबाद जिले के बल्लभगढ़ के शुभम वशिष्ठ ने 10 मीटर एयर पिस्टल एकल स्पर्धा में कांस्य पदक में 10 मीटर एयर पिस्टल टीम सफलता में रजत पदक जीता।
- पेरिस पैरालंपिक 2024 में झज्जर जिले के बहादुरगढ़ निवासी योगेश कथुनिया ने पुरुषों की चक्का फेंक F-56 वर्ग में 42.22 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता।
- डिजिटल कृषि मिशन के तहत हरियाणा की यमुनानगर जिले में किसान पहचान केंद्र बनाया जाएगा।
- पेरिस पैरालंपिक 2024 में हरियाणा के नीतीश कुमार ने बैडमिंटन में पुरुष एकल SL 3 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
- बेंगलुरु में आयोजित 63 में नेशनल ओपन एथलीट चैंपियनशिप 2024 में पानीपत के गांव उग्रखेड़ी के विक्रांत मलिक ने जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीता।
- पेरिस पैरालंपिक 2024 में सोनीपत जिले के सुमित अंतिल ने पुरुषों की भला फेंक F-64 वर्ग में 70.59 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता।
- फॉर्च्यून इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक जिंदल परिवार के मुखिया एवं जिंदल समूह की चेयरपर्सन सावित्री जिंदल लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ टॉप 10 की सूची में इकलौती महिला है।
- हिसार जिले में स्थित गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय के भूगोल विभाग के प्रोफेसर एवं पर्वतारोही मनोज कुमार ने जोशीला दर्रा के मध्य स्थित माचोई चोटी को फतेह कर देश का तिरंगा फहराया है।
- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने 5 सितंबर, 2024 को शिक्षक दिवस के अवसर पर दिल्ली के विज्ञान भवन में फरीदाबाद की अध्यापिका अविनाशा शर्मा और गुरुग्राम के सेक्टर 49 की स्थित डीएवी स्कूल की प्रिंसिपल चारु मैनी को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया।
- कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने 8 वैज्ञानिकों को गोयल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया है।
- स्पेन में आयोजित विश्व अंदर 20 कुश्ती चैंपियनशिप में 57 किलोग्राम भार वर्ग में झज्जर जिले की नेहा ने कांस्य पदक अपने नाम किया है।
- हरियाणा के कैथल जिले के 33 वर्षीय हरविंदर सिंह ने फाइनल में पोलैंड के लुकाज सीजेक को हराकर पेरिस पैरालंपिक 2024 में तीरंदाजी में पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व ओपन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है।
- एनआरआरक्यू यूनिवर्सिटी थाईलैंड ने हरियाणा की हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ अध्ययन अध्यापन व शोध के क्षेत्र में मिलकर काम करने का समझौता किया है।
- पानीपत के गांव बुआना लाखु के नवदीप ने पुरुषों की भाला फेंक F-41 स्पर्धा में 47.32 मीटर थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता है।
- हरियाणा के रेवाड़ी और पानीपत जिले में सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य के स्मारक बनाए जाएंगे।
- पीपुल फॉर अरावली समूह ने हरियाणा में बढ़ते पर्यावरण संकट के जवाब में हरियाणा हरित घोषणा पत्र 2024 के विकास की पहल की है।
- हरियाणा के गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के डॉक्टर नवदीप मोर को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ट स्मार्ट गॉगल्स फॉर कंस्ट्रक्शन लेबर डिजाइन पेटेंट मिला है।
- हरियाणा के हिसार की रहने वाली कांता हुड्डा ने अपने गले से चार सूत का सरिया मोड़कर गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवाया है।
- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने साइबर अपराध नियंत्रण को लेकर देश भर में बेहतर काम करने पर हरियाणा पुलिस के अधिकारी शत्रुजीत कपूर को सम्मानित किया है।
- हिसार जिले की रहने वाली मीनू कालीरमन ने हिमाचल प्रदेश के कुल्लू घाटी में स्थित पीर पंजाल पर्वत श्रृंखला की 5050 मीटर ऊंची जगत सुख चोटी पर तिरंगा फहराया।
- हरियाणा के कपिल किशोर के नाम देश भर में सबसे ज्यादा रक्तदान शिविर लगाने का रिकॉर्ड इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ।
- वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष के रूप में राजेश वर्मा को नियुक्त किया गया है।
- लखनऊ में आयोजित 73वीं ऑल इंडिया पुलिस बॉक्सिंग चैंपियनशिप में बॉक्सर सोनू पूनिया को स्वर्ण पदक मिला है।
- डायमंड लीग फाइनल 2024 में हरियाणा के नीरज चोपड़ा ने रजत पदक जीता।
- हरियाणा सरकार ने गुटखा और पान मसाला पर प्रतिबंध 1 साल के लिए बढ़ा दिया गया है।
- कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के रसायन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर प्रवीण कुमार को स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा लगातार दूसरे वर्ष 2024 में दुनिया भर के सिर्फ दो परसेंट वैज्ञानिकों में शामिल किया गया है।
- शिपिंग मंत्रालय ने मनु भाकर को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।
- सोनीपत के सेक्टर 27 में रहने वाली निधि भारद्वाज ने डीके प्रेजेंट के प्राइड ऑफ इंडिया इवेंट में मिसेज हरियाणा 2024 का खिताब जीता है।
- संग्राम सिंह मिक्स्ड मार्शल आर्ट में प्रवेश करने वाले और जीतने वाले भारतीय पहले पुरुष पहलवान बन गए हैं।
- पंडित जसराज की पत्नी और लेखिका मधुरा पंडित जसराज का हाल ही में निधन हो गया।
- नरवाना के गायक संदीप शर्मा को हाइफा अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है।
- हरियाणा विरासत एवं पर्यटन विभाग ने विश्व पर्यटन दिवस 2024 को पर्यटन एवं शांति के रूप में मनाया है।
- पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे 2024 के अनुसार हरियाणा में बेरोजगारी दर 3.4 परसेंट है।
- हरियाणा के कैथल जिले के गांव काकौत के रहने वाले जस्टिस सुरेश कुमार कैत ने मध्य प्रदेश के 28वें चीफ जस्टिस के तौर पर शपथ ली।
- फूड एवं सेफ्टी इंडेक्स 2023-24 में हरियाणा 16वें स्थान पर रहा है।
- हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के 12 शिक्षक विश्व के शीर्ष वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हुए हैं।

## अक्टूबर 2024

- हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में कुल 67.90 फीसदी मतदान हुआ है।
- सिरसा जिले में सबसे अधिक मतदान 75.36% फरीदाबाद जिले में सबसे कम 56.49% मतदान हुआ है।
- हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में 90 सीटों पर 464 निर्दलीय और 101 महिलाओं की सहित कुल 1031 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे।
- हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में 13 महिला प्रत्याशी विजेता बनी है।
- हरियाणा में टीबी के मरीजों को अब एक हजार रुपए प्रतिमाह मिलेंगे।
- वूमेन T-20 क्रिकेट में 2000 रन बनाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी शेफाली वर्मा बन गई है।
- हरियाणा इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमिशन के अध्यक्ष नंदलाल शर्मा बने हैं।
- 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में हरियाणवी फिल्म फौजा के लिए अभिनेता पवन मल्होत्रा को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार मिला है।
- 35वें अखिल भारतीय मसाला अनुसंधान सम्मेलन का आयोजन हरियाणा के हिसार जिले में किया गया।
- हरियाणा पशु चिकित्सा परिषद का अध्यक्ष डॉ एल सी रंगा को बनाया गया है।
- केंद्र सरकार ने गेहूं का एमएसपी बढ़ाकर 2425 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है।
- एनीमिया मुक्त भारत अभियान में हरियाणा पांचवें स्थान पर पहुंच गया है।

- हरियाणा के गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय हिसार को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में देश भर में 59वां स्थान मिला है।
- हरियाणा के सरकारी अस्पतालों में क्रॉनिक किडनी रोगियों को डायलिसिस सुविधा निशुल्क मिलेगी।
- हरियाणा में अब सरकारी नौकरियों में एससी वर्ग के 20% आरक्षण में से 10 परसेंट कोटा एसी की 36 वंचित जातियों को मिलेगा।
- राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2023 में हरियाणा को सर्वश्रेष्ठ उद्योग श्रेणी में पहला स्थान मिला है।
- देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन हरियाणा के सोनीपत और जींद शहरों के बीच 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी।
- मेरी पंचायत ऐप के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर मौसम पूर्वानुमान देख सकेंगे।
- हरियाणा सरकार ने लड़कियों और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए म्हारी लाडो रेडियो स्टेशन नाम के रेडियो स्टेशन का प्रसारण शुरू किया है।
- हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड का सचिव अजय चोपड़ा को बनाया गया है।
- हरियाणा सिख गुरुद्वारा न्यायिक आयोग का अध्यक्ष दर्शन सिंह को बनाया गया है।
- हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉक्टर कृष्ण मिड्ढा बने हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव धर्म नगरी कुरुक्षेत्र में 28 नवंबर से 15 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय गीता मौसम में अफ्रीकी देश तंजानिया को पार्टनर देश तथा उड़ीसा को पार्टनर राज्य चुना गया है।
- हरियाणा विधानसभा के 21वें अध्यक्ष हरविंदर कल्याण बने हैं।
- उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की स्थाई समिति की 21वीं बैठक चंडीगढ़ में आयोजित की गई।
- हरियाणा में पराली जलाने की समस्या को निपटाने के लिए राज्य विशिष्ट योजना की शुरुआत की गई।
- हरियाणा की 15वीं विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर रघुवीर कादियान को बनाया गया था।
- हरियाणा राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव 2024 का आयोजन कुरुक्षेत्र में किया गया।
- हरियाणा के चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के डॉक्टर संदीप आर्य को सर डाइट्रिच ब्रैंडिश और डॉ राजेंद्र को शैक्षिक उपलब्धि अवार्ड मिला है।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 25 अक्टूबर 2024 को राजभवन में आयोजित भव्य समारोह में संयुक्त रूप से "हरियाणा राज भवन-एक दृष्टि" नामक काफी टेबल बुक का अनावरण किया है।
- अंडर 23 विश्व कुश्ती प्रतियोगिता 2024 में पहलवान अंजलि ने रजत पदक जीता है।
- हरियाणा के गुरुग्राम जिले में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का सब हेड क्वार्टर खोला जाएगा।
- अंडर 23 विश्व कुश्ती प्रतियोगिता 2024 में पहलवान नेहा शर्मा ने कांस्य पदक जीता है।
- सरस आजीविका मेला 2024 का आयोजन हरियाणा के गुरुग्राम जिले में किया गया है।
- अंडर 23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2024 में हरियाणा के चिराग ने स्वर्ण पदक जीता है।
- हरियाणा के बहादुरगढ़ शहर में नाबार्ड द्वारा राष्ट्रीय कला एवं शिल्प उत्सव सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।
- अंडर 23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2024 में हरियाणा ने 6 पदक जीते हैं।
- देश भर में 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को 500000 तक का फ्री इलाज मिलेगा।
- हरियाणा का पहला ट्रैवलेटर फरीदाबाद जिले में बनेगा।
- कालेसर नेशनल पार्क में तितलियों की 96 प्रजातियां पाई गई है।
- विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2024 में झज्जर जिले की पहलवान मानसी अहलावत ने कांस्य पदक जीता है।
- हरियाणा के बल्लभगढ़ में एयर पॉल्यूशन ऑन हेल्थ का सेंटर आफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा।
- हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला है।
- हरियाणा का नया मुख्य सचिव विवेक जोशी को बनाया गया है।
- उत्तर भारत की सबसे ऊंची महालक्ष्मी की मूर्ति हरियाणा के अग्रोहा में लगी है।
- हरियाणा के पानीपत जिले के वंश पन्नू ने बॉलीवुड में डेब्यू किया है।

## नवम्बर 2024

- 4 नवंबर को पंचकूला में आयोजित तृतीय पुस्तक मेला का उद्घाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला से डिजिटल के माध्यम से करनाल, झज्जर और कुरुक्षेत्र में सरदार पटेल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया।
- हरियाणा सरकार द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों या उनकी धर्मपत्नियों की मृत्यु के बाद उनकी बेरोजगार विधवा, तलाकशुदा बेटियों को भी राज्य सम्मान पेंशन का लाभ दिया जाएगा। साथ ही, दिव्यांग अविवाहित बेरोजगार पुत्र जिनकी दिव्यांगता 75 प्रतिशत है, उन्हें भी पेंशन का लाभ दिया जाएगा। यदि एक से अधिक पात्र बच्चे पेंशन के हकदार हैं, तो उन्हें पेंशन में समानुपातन हिस्सा मिलेगा।
- HPPC–हाई पावर परचेस कमेटी।
- HPWPC–हाई पावर वर्क्स परचेस कमेटी।
- कुरुक्षेत्र में छठ पूजा के "राज्य स्तरीय उत्सव" में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।
- CET पास अभ्यर्थी को नौकरी न मिलने पर 2 साल तक 9,000 प्रति माह देगी हरियाणा सरकार।
- हरियाणा के सभी राज्यों और राष्ट्रीय राजमार्गों के 60 किलोमीटर पर एक ट्रामा सेंटर स्थापित किया जाएगा।
- हरियाणा में बनेंगे 500 हाई-टेक सीएम-पैक्स केंद्र। COVID-19 महामारी में उनके योगदान और भारत-डोमिनिका साझेदारी को मजबूत करने के लिए सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान "डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर" से सम्मानित किया गया है।
- गुरूग्राम में बनाए जा रहे 700 बेड के सरकारी अस्पताल का नाम श्री गुरू नानक देव जी के नाम पर होगा। साथ ही गुरू नानक देव जी के नाम पर एक चेयर स्थापित करने का भी फैसला लिया। यह प्रस्ताव सदन में सर्वसम्मति से पारित हुआ।
- मुख्यमंत्री ने प्रथम पातशाह श्री गुरू नानक देव जी के 555वें प्रकाशोत्सव पर उन्हें नमन करते हुए जन जन को बधाई दी।
- राष्ट्रीय कैडेट कोर हरियाणा के 13वीं अतिरिक्त महानिदेशक के रूप में जगदीश सिंह चीमा को लगाया गया है।
- विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में हरियाणा की पहलवान मानसी अहलावत ने कांस्य पदक जीता।
- हरियाणा के हेमंत सांगवान ने अंडर-19 वर्ल्ड चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता हेमंत सांगवान का संबंध चरखी दादरी के खेड़ी बुरा गांव से है।
- ब्यूटी कॉम्पिटिशन में चरखी दादरी के बेरला की बेटी मंजू श्योराण ने मिस इंडिया (gold) का खिताब जीता है।
- हरियाणा का मुख्य सचिव विवेक जोशी को बनाया गया है।
- हरियाणा में आने वाले 2 सालों में हर सड़क 18 फीट चौड़ी करने के आदेश पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर गंगवा ने दिए हैं।
- हरियाणा में पराली जलाने वाले दो एकड़ से कम कृषि भूमि वाले किसानों को 5000 दो एकड़ से 5 एकड़ के बीच वाले किसानों को 10000 तथा 5 एकड़ से अधिक वाले किसानों को 30000 तक जुर्माना देना होगा।
- हरियाणा में 4 साल से बड़ी उम्र के बाइक सवारों को हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा।
- हरियाणा में नवंबर 2024 तक प्रदेश में 288 पूर्व विधायकों को पेंशन दी जा रही है।
- यमुनानगर जिले के बिलासपुर में 11 से 15 नवंबर 2024 तक पांच दिवसीय राज्य स्तरीय कपाल मोचन आदि बद्री मेले का रंगारंग कार्यक्रम किया गया।
- चरखी दादरी के गांव मकरानी निवासी तनु ने फिलिपींस में आयोजित आईसीएन ड्रैगन बोट वर्ल्ड चौंपियनशिप में अलग अलग स्पर्धा में चार पदक जीते हैं।
- सुखना वाइल्डलाइफ सैंचुरी के पास केंद्र ने हरियाणा की तरफ एक किलोमीटर से 2.035 किलोमीटर का इको सेंसेटिव जोन घोषित किया है।
- हरियाणा के रोहतक लघु चिड़ियाघर में मार्मोसेट प्रजाति के बंदरों को जोड़ा है।
- ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया में स्थित झील का नाम गुरु नानक देव जी के नाम पर रखा गया है।
- हरियाणा में कन्यादान योजना के तहत श्रमिक की बेटी की शादी पर 1 लाख 1 हजार रुपए दिए जाएंगे।
- हरियाणा में अगले 5 साल में 10 नए अत्याधुनिक औद्योगिक शहर बसाए जाएंगे यह औद्योगिक क्लस्टर महेंद्रगढ़, रोहतक, पंचकूला, फरीदाबाद, सोनीपत,पलवल, झज्जर, हिसार, कुरुक्षेत्र और रेवाड़ी में खुलेंगे।
- हरियाणा के गुरुग्राम में बनाए जा रहे 700 बेड के अस्पताल का नामकरण गुरु नानक देव के नाम पर होगा।
- पराली से सामान बनाने पर यूरोपीय कंपनी ने आरुषि मित्तल को राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया है
- हरियाणा में 24 नवंबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती जींद में मनाई गई।
- रणजी ट्रॉफी में एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाला पहला हरियाणवी अंशुल कंबोज बना है।
- 14 वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा में रजत पदक जीता है।
- फतेहाबाद जिले के गोरखपुर की बेटी डॉक्टर दीक्षा आर्या सिंगापुर में एशिया की टॉप रिसर्चर चुनी गई है।
- हरियाणा सरकार ने महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिला मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है।
- दिल्ली कटरा एक्सप्रेसवे का 135 किलोमीटर का हिस्सा हरियाणा से होकर गुजरता है।
- हरियाणा में नवंबर 2024 तक बिजली उपभोक्ताओं की संख्या लगभग 81 लाख हो गई है।
- हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान हरियाणा संविदात्मक कर्मचारी विधेयक 2024 से कच्चे कर्मचारियों को 58 साल की आयु तक जॉब गारंटी दी गई है।
- हरियाणा सरकार ने प्रदेश में फिल्म दी साबरमती रिपोर्ट को टैक्स फ्री घोषित किया है।
- मिसाइल से समुद्री जहाज को बचाने वाले अमरजीत सैनी पूर्व

नौसैनिक को लंदन में बहादुरी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

- देश की सबसे बड़ी सहकारी सरसों तेल मिल हरियाणा के रेवाड़ी जिले में स्थापित की जाएगी।
- विश्व बोकिया चैलेंजर सीरीज 2024 में रेवाड़ी जिले की पूजा गुप्ता ने रजत और कांस्य पदक अपने नाम किया है।
- हरियाणा में 71वें राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह समारोह का आयोजन 15 से 21 नवंबर के बीच किया गया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री ने सिरसा जिले में संत सरसईनाथ राजकीय मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि पूजन किया।
- प्रिंसिपल ऑफ द ईयर अवार्ड 2024 से कुरुक्षेत्र जिले के शाहाबाद के सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर आर एस घुम्मन को मिला है।
- हरियाणा के 22 जिलों में 28 जीएसटी सेवा केंद्र शुरू किए जाएंगे।
- गुरुग्राम में देश का पहला ट्रैफिक इंजीनियरिंग एंड ऑर्गेनाइजेशन डेवलपमेंट सेंटर शुरू किया गया।
- पंचकूला के परेड ग्राउंड में 16 से 26 नवंबर के बीच राष्ट्रीय सरस मेले का आयोजन किया गया।
- सोनीपत जिले के मुकुल दहिया ने मुंबई के समुद्र में 12 किलोमीटर तक की स्विमिंग करके ट्रॉफी जीती है।
- कैथल जिले के कलायत के गांव कैलरम निवासी ईश्वर कुंडू ने दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में भारत गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया।
- नई दिल्ली में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर 26 नवंबर 2024 को आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ लल्लन सिंह ने हरियाणा के झज्जर के खरमान गांव की प्रगतिशील डेयरी संचालक रेनू सांगवान को राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया है।
- हरियाणा मानव अधिकार आयोग के चेयरमैन ललित बतरा बने हैं।
- हरियाणा में संविधान दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम कुरुक्षेत्र जिले में आयोजित किया गया।
- राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक में हरियाणा को 10वां स्थान मिला है।
- राजेश जगपाल को पाइथन काउंसिल आफ इंडिया उत्तर भारत का सलाहकार नियुक्त किया है।
- हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन के रूप में रेनू भाटिया का कार्यकाल 3 साल के लिए बढ़ा दिया है।
- हरियाणवी पहलवान बजरंग पूनिया को नाडा ने 4 साल के लिए सस्पेंड कर दिया है।
- हरियाणा क्लीन एयर प्रोजेक्ट के तहत 2030 तक हरियाणा को प्रदूषण मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है।

## दिसंबर 2024

- हरियाणा के कुरुक्षेत्र में 28 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 में अफ्रीकी देश तंजानिया को पार्टनर देश तथा उड़ीसा को पार्टनर राज्य चुना गया है। 2016 से हरियाणा सरकार ने गीता महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाने की शुरुआत की थी। गीता महोत्सव 1989 से मनाया जा रहा है।
- महाराज सूर सैनी की स्मृति में कैथल में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया।
- हरियाणा के हिसार जिले के राखीगढ़ी में 10000 वर्ष पुरानी नदी के अवशेष मिले हैं।
- ऑस्ट्रेलिया ने गुरुग्राम में शिक्षण संस्थान स्थापित करने की पहले की है।
- हरियाणा में मातृ शक्ति उद्यमिता योजना के तहत महिला अब 500000 तक का ऋण ले सकती है।
- हरियाणा के सोनीपत जिले में देश का पहला हाई परफार्मेंस सेंटर बनाया जाएगा।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुग्राम जिले के श्रेष्ठ दिव्यांगजन अवार्ड 2024 से रणवीर सैनी को सम्मानित किया है।
- हरियाणा के हिसार जिले में मौसम के बदलाव की जानकारी देने के लिए डॉप्लर राडार लगाए गए हैं।
- तीनों आपराधिक कानून लागू करने वाला देश का पहला शहर चंडीगढ़ बना है।
- हरियाणा राज्य रेड क्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी बने हैं।
- रोहतक जिले के औद्योगिक क्षेत्र आईएमटी की कंपनी को भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर के आर्मर बनाने का अनुबंध मिला है।
- मुंबई में आयोजित फिल्म फेयर ओटीटी अवार्ड के पांचवें संस्करण में जयदीप अहलावत ने दो अवार्ड अपने नाम किए हैं।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हिसार जिले की जानवी को श्रेष्ठ दिव्यांगजन अवार्ड 2024 से सम्मानित किया है।
- दिल्ली मेट्रो के फेज 4 में रिठाला से हरियाणा के कुंडली तक कॉरिडोर का कंस्ट्रक्शन होगा।
- राष्ट्रीय सीनियर कुश्ती चैंपियनशिप 2024 में हरियाणा ने पहला स्थान हासिल किया है।
- हरियाणा में निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ई-संजीवनी ओपीडी योजना चलाई जा रही है।
- केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने 7 दिसंबर 2024 को हरियाणा के पंचकूला से देश व्यापी 100 दिवसीय सघन टीबी उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया।
- आरबीआई रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023-24 में हरियाणा की महंगाई दर 6.6% रही।
- गीता जयंती 2024 पर भोपाल में 7000 प्रतिभागियों ने भागवत गीता के श्लोक का सामूहिक पाठ करके गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के पानीपत जिले से एलआईसी की बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया।
- हरियाणा में वर्ष 2024 में 5161वीं गीता जयंती मनाई गई।
- हरियाणा भिवानी शिक्षा बोर्ड का चेयरमैन पंकज अग्रवाल को बनाया गया है।
- 13 दिसंबर 2024 को यमुनानगर जिले के रादौर कस्बे में 21वें पशुधन गणना अभियान शुभारंभ किया।
- हरियाणा से रेखा शर्मा निर्विरोध राज्यसभा सांसद चुनी गई है।
- हरियाणा के मानस गोयल और श्वेतांक अग्रवाल ने इंटरनेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीते हैं।
- हरियाणा में धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार की इनामी राशि 100000 है।
- हरियाणा के सोनीपत के झिंझोली में मानव रहित टोल प्लाजा शुरू किया गया है।
- विश्व एथलेटिक्स विरासत संग्रहालय में नीरज चोपड़ा की जर्सी रखी गई है।
- हरियाणा के हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार को तेल से गोसीपोल हटाने की रासायनिक प्रक्रिया को पेटेंट मिला है।
- हरियाणा के मॉडल संस्कृति स्कूलों में पहली बार फ्रेंच पढ़ाई जाएगी।
- हरियाणा में नरवाना शहर की छवि सिंह ने मूकबधिर ताइक्वांडो में दो पदक जीते हैं।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 25 गिद्धों को खुले आकाश में छोड़ा।
- हरियाणा के अंबाला में पहला आल वेदर स्विमिंग पूल बनाया जाएगा।
- हरियाणा के ब्लेड रनर दिलबाग ने विश्व एबिलिटी स्पोर्ट्स यूथ गेम्स में 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता।
- राष्ट्रीय सीनियर महिला बैडमिंटन चैंपियनशिप में हरियाणा ने गुजरात को हराकर स्वर्ण पदक जीता।
- हरियाणा के बलवान सिंह ठाकुर को अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन का राष्ट्रीय प्रभारी नियुक्त किया गया है।
- हरियाणा में 21 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस मनाया गया।
- राज्य स्तरीय राखीगढ़ी महोत्सव का आयोजन 20 दिसंबर, 2024 को किया गया।
- स्कूल स्तर पर व्यवसायिक कौशल NSQA को लागू करने वाला देश का पहला राज्य हरियाणा बना है।
- हरियाणा के पांच बार मुख्यमंत्री रहे इंडियन नेशनल लोकदल के सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला का 20 दिसंबर, 2024 को 89 वर्ष की आयु में गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया।
- हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 23 दिसंबर 2024 को आयोजित राज्य स्तरीय किसान दिवस समारोह में प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने सिरसा जिले के गांव जिगरानी के किसान वीरेंद्र साहू को सम्मानित किया है।
- हरियाणा के जींद जिले के डॉक्टर मृत्युंजय गुप्ता ने एनेस्थीसिया एवं क्रिस्टल केयर मेडिसिन विशेषज्ञ विश्व के सबसे कम उम्र के अंतरराष्ट्रीय स्कॉलर बने हैं।
- निबंध संग्रह 'समय की रेत पर' की लेखिका प्रियंका सौरभ है।
- हरियाणा के नए सीआईडी चीफ सौरभ सिंह बने हैं।
- हरियाणा के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में 60 लाख रुपए की लागत से कबड्डी अकादमी स्थापित की जाएगी।
- हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने रेवाड़ी के गांव कंवाली के यशपाल को किसान रत्न अवार्ड 2024 से सम्मानित किया है।
- करनाल के गांव सग्गा निवासी परविंदर सिंह चौहान को हरियाणा का नया एडवोकेट जनरल बनाया गया है।
- जिंदल स्टिलनेस कंपनी ने ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल का अवार्ड ऑफ ऑनर खिताब जीता है।
- हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को सुशासन दिवस 2024 के अवसर पर गुड गवर्नेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है।
- 86वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में महिला सिंगल्स का खिताब देविका सिहाग ने जीता है।
- रेवाड़ी जिले के गांव नेहरूगढ़ निवासी नरेंद्र सिंह यादव ने अंटार्कटिका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी विंसन मैसेज पर तिरंगा फहराया है।
- हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की वाइस चेयरपर्सन सुमन सैनी बनी है। प्रवीण जोशी हरियाणा राज्यपाल अधिकार संरक्षण आयोग के चेयरपर्सन है।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सुशासन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कैथल जिले को पुरस्कृत किया है।
- लड़कियों की 40वीं जूनियर नेशनल हैंडबाल चैंपियनशिप में हरियाणा ने स्वर्ण पदक जीता है।
- हरियाणा में हिंदी आंदोलन के सत्याग्रहियों की पेंशन बढ़ाकर 20000 कर दी गई है।
- 38वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में सहयोगी राज्य ओडिशा को चुना गया है तथा बिमस्टेक देशों (बिम्सटेक में सात सदस्य

देश हैं–बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका, थाईलैंड) को पार्टनर देश चुना गया है।

- हरियाणा के सिरसा जिले को पायलट प्रोजेक्ट के तहत ई समन को सफलतापूर्वक लागू किया गया है।
- हरियाणा राज्य प्रगति डैशबोर्ड में 29वीं बार पहले स्थान पर रहा है।
- 51वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी हरियाणा के राई में आयोजित की गई।
- प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन का किताब हरियाणा स्टीलर्स ने पहली बार जीता है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 29 दिसंबर 2024 को अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में की 117वीं कड़ी में कुरुक्षेत्र जिले के स्वास्थ्य विभाग की सराहना की।

## जनवरी 2025

- हरियाणा ट्रांसजेंडर वेलफेयर बोर्ड का अध्यक्ष किसे बनाया गया है। **–विवेक जोशी**
- हरियाणा के किस जिले में स्थित रानी की ड्योढ़ी को राज्य सरकार ने संरक्षित क्षेत्र घोषित किया है। **–रेवाड़ी**
- हरियाणा की सुरुचि फोगाट में 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाज चैंपियनशिप में कितने गोल्ड मेडल जीते हैं। **–7**
- हरियाणा के किस जिले में राज्य का दूसरा ऑल वेदर स्विमिंग पूल बनाया गया है। **–करनाल**
- हरियाणा ओलंपिक संघ का प्रशासक किसे नियुक्त किया गया है। **–एच. एस. भल्ला**
- हाल ही में हरियाणा के किस खिलाड़ी को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ का सदस्य बनाया गया है। **–नीरज चोपड़ा**
- वर्ष 2024 में साइबर अपराधियों द्वारा ठगी गई 268.40 करोड़ हरियाणा पुलिस ने देशभर में कौन-सा स्थान हासिल किया गया है। रुपया बचाकर **–पहला**
- हरियाणा राज्य ने 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में कुल कितने पदक जीते हैं। **–54**
- हरियाणा राज्य के किस जिलाधीश को भारत सरकार ने विदेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकता देने की पावर दी हुई है। **–फरीदाबाद**
- हरियाणा राज्य विधि आयोग का नया सदस्य किसे बनाया गया है। **–सारिका गुप्ता, इंद्रजीत मेहता**
- हरियाणा वालीबॉल एसोसिएशन का अध्यक्ष किसे बनाया गया है। **–कर्ण चौटाला**
- वर्ष 2024 में हरियाणा के किस जिले का लिंगानुपात सबसे ज्यादा है। **–यमुनानगर**
- हरियाणा के किस जिले में राज्य युवा महोत्सव का आयोजन किया गया है। **–पलवल**
- हरियाणा वन विभाग का प्रधान मुख्य वन संरक्षक किसे बनाया गया है। **–विनीत गर्ग**
- हरियाणा राज्य में वर्ष 2025 में अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव 18 दिन की बजाय कितने दिन तक मनाया जाएगा। **–21**
- हरियाणा राज्य के नगर निगमों, परिषदों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के लिए कितने प्रतिशत सीट आरक्षित की गई हैं। **–35%**
- वर्ष 2024 में हरियाणा का लिंगानुपात कितना है। **–910**
- हरियाणा की किस खिलाड़ी को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार 2025 मिला है। **–नीरज चोपड़ा**
- हरियाणा के किस खिलाड़ी को 'स्पोर्ट्स आइकन ऑफ द ईयर' अवार्ड मिला है। **–मनु भाकर**
- हरियाणा सरकार ने सेना और सी. आर. पी. एफ. के शहीदों के परिवार की अनुग्रह राशि को 50 लाख से बढ़कर कितना कर दिया है। **–1 करोड़**
- हरियाणा के किस जिले में सबसे पहले ई-समन पोर्टल को लागू किया गया है। **–सिरसा**
- इंडिया स्टेट फॉरेस्ट रिपोर्ट-2023-24 के अनुसार हरियाणा हरियाणा के किस जिले में सबसे ज्यादा झाड़ियाँ है। **–महेंद्रगढ़**
- हरियाणा का कौन-सा शहर मोबाइल के जरिए ई-समन भेजने वाला देश का पहला शहर बन गया है। **–चंडीगढ़**
- हाल ही में प्रो कबड्डी लीग 2024 का खिताब किसने जीता है। **–हरियाणा स्टीलर्स**
- हरियाणा के किस जिले को मलेरिया मुक्त जिला घोषित किया गया है। **–कुरुक्षेत्र**
- हरियाणा का कौन-सा पर्वतारोही सातों महाद्वीपों की सबसे ऊँची चोटियों को फतेह करने वाला सबसे कम उम्र का पुरुष पर्वतारोही बन गया हैं। **–नरेंद्र सिंह यादव**
- हरियाणा सरकार द्वारा देसी गाय की खरीद पर अब 25 हजार रुपए की बजाय कितने रुपए दिए जाएंगे। **–30 हजार**
- वर्तमान में हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण का अध्यक्ष कौन है। **–नायब सिंह सैनी**
- हरियाणा के किस जिले के सिविल अस्पताल को राज्य में स्वच्छता एवं संक्रमण मुक्त माहौल में प्रथम रैंक मिला है। **–कुरुक्षेत्र**
- हरियाणा के किस जिले में दुनिया की सबसे बड़ी वन्य जीव जंगल सफारी विकसित की जाएगी। **–गुरुग्राम, नूंह**
- हरियाणा के किस जिले में खाद्य उत्पादों की जाँच के लिए राज्य स्तरीय प्रयोगशाला स्थापित की जाएगी। **–करनाल**
- हरियाणा राज्य में स्वच्छ भारत मिशन के तहत कब से कब तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। **–1 से 31 जनवरी, 2025**
- हाल ही में अभिनेता जयदीप अहलावत चर्चा में है इनका हरियाणा के किस जिले से संबंध हैं। **–रोहतक**
- हरियाणा सरकार ने कितनी आंगनवाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा है। **–10 हजार**
- हरियाणा के किस व्यक्ति को उत्तम जीवन रक्षा पदक मिला है। **–मुकेश सिंह**
- हरियाणा के किस जिले में हरियाणा पुलिस की एक नई बटालियन स्थापित की जाएगी। **–मेवात**
- हरियाणा राज्य को लॉजिस्टिक ईज एक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स सर्वेक्षण 2024 में लैंडलॉक्ड स्टेट्स के लिए कौन-सा अवार्ड मिला है। **–अचीवर्स अवॉर्ड**
- हरियाणा में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत हर गाँव का ब्रांड एंबेसडर किसे बनाया जाएगा। **–महिला सरपंच**
- हरियाणा सरकार ने किसके साथ मिलकर ग्राम पंचायतों के लिए फाइबर-टू-द-होम (FTTH) इंटरनेट कनेक्शन परियोजना शुरू की है। **–BSNL**
- हरियाणा में कहाँ पर अनुभव केंद्र की स्थापना की जाएगी। **–कुरुक्षेत्र**
- हरियाणा में ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषद चुनावों में पिछड़ा वर्ग-बी (बी. सी. बी.) को कितना आरक्षण दिया गया है। **–5%**
- हरियाणा के किस जिले की चीनी मिल में राज्य का पहला जैव ईंधन ब्रिकेटिंग प्लांट स्थापित किया गया है। **–कैथल**
- हरियाणा राज्य के वार्षिक खेल कैलेंडर में किस खेल को शामिल किया जाएगा। **–अंतर युवा क्लब खेलों**
- हरियाणा के उपमंडल बिलासपुर का नया नाम क्या रखा गया है। **–व्यासपुर**
- हरियाणा के किस जिले में 264वाँ शौर्य दिवस मनाया गया है। **–पानीपत**
- हरियाणा राज्य में पीएम आवास ग्रामीण योजना की अवधि को किस वर्ष तक बढ़ा दी है। **–2029**
- हरियाणा के किस जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अंतराराज्यीय सचिवालय की स्थापना की गई है। **–पंचकूला**
- हरियाणा राज्य में कब से हारट्रान एडवांस्ड स्किल सेंटर परियोजना शुरू की गई है। **–12 जनवरी, 2025**
- हरियाणा के किस जिले में राष्ट्रीय युवा दिवस को राज्य स्तर पर मनाया गया है। **–पंचकूल**
- हरियाणा के किस खिलाड़ी को अमेरिकी पत्रिका 'ट्रैक एंड फील्ड न्यूज' ने 2024 का सर्वश्रेष्ठ पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी घोषित किया है। **–नीरज चौपड़ा**
- हरियाणा के किस जिले में राज्य का कृषि पर्यटन केंद्र शुरू किया गया है। **–हिसार**
- हरियाणा के गाँव मोहम्मदपुर माजरा का नाम बदलकर क्या रखा गया है। **–बिरहड़ माजरा**
- हाल ही में हरियाणा सरकार ने कितनी श्रेणियों को दिव्यांग पेंशन श्रेणी में शामिल किया है। **–10**
- हरियाणा राज्य में 'सम्मान संजीवनी ऐप' को कब लांच किया गया है। **–24 जनवरी, 2025**
- गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर हरियाणा की झांकी का थीम क्या है। **–समृद्ध हरियाणा : विरासत और विकास**
- हरियाणा के किस खिलाड़ी को डाबर खजूरप्राश ने अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। **–मनु भाकर**
- गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री ने किस जिले में राष्ट्रीय ध्वज पर फहराया है। **–रेवाड़ी**
- हरियाणा से कौन-सी खिलाड़ी खो-खो विश्व कप में भारतीय महिला टीम में शामिल हैं। **–मीनू धतरवाल**
- हरियाणा के पंचकुला जिले में मनाए गए राज्य स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2025 की थीम क्या है। **–वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम**
- हरियाणा के किस सैनिक को शौर्य चक्र मिला है। **–आशीष दहिया**
- हरियाणा राज्य में कब से कब तक 8वें अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया है। **–29 जनवरी से 2 फरवरी, 2025**
- हरियाणा के व्यक्ति डॉ. संतराम देशवाल को किस क्षेत्र में पद्मश्री पुरस्कार-2025 मिला है। **–साहित्य क्षेत्र**
- हाल ही में हरियाणा के गाँव चुहड़पुर का नया नाम क्या रखा गया है। **–चाँदपुर गाँव**
- हरियाणा के किस पुलिसकर्मी को राष्ट्रपति पुलिस पदक मिला है। **–सौरभ सिंह**
- **38वाँ सूरजकुंड मेला 2025–**
  - 7 फरवरी से 23 फरवरी
  - पार्टनर देश-छह देश (बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका, थाईलैंड)।
  - मेले में पहली बार दो थीम राज्य बने है-मध्य प्रदेश और ओडिशा।
  - फरीदाबाद में केंद्रीय पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत एवं मुख्यमंत्री श्री नायाब सिंह सैनी ने '38वें सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले' का शुभारम्भ किया।